

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 28 मई 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-060 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सुको की वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सलाह जूनियर वकीलों को भी मौका दें

**नई दिल्ली,28 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देश के प्रमुख वकीलों को एक सलाह दी है. न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अपने मामलों में बहस नहीं करनी चाहिए, बल्कि जूनियर वकीलों को इस अवसर का लाभ उठाने का मौका देना चाहिए. पीठ ने वरिष्ठ वकीलों मुकुल रोहतगी, अभिषेक मनु सिंघवी और नीरज किशन कौल को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि इन आंशिक कार्य दिवसों में उन्हें बहस से दूर रहना चाहिए.एक जूनियर वकील ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ दायर याचिका के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष अपनी बात रखी. वकील



ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान उपस्थित नहीं हैं, इसलिए सुनवाई को फिलहाल स्थगित करने का अनुरोध किया. इस पर पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को उचित सलाह दी. सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पारंपरिक 'ग्रीष्मकालीन छुट्टियों' का नाम बदलकर 'आंशिक कोर्ट कार्य दिवस' रख दिया है. यह परिवर्तन सुप्रीम कोर्ट नियमावली, 2013 में संशोधन के तहत किया गया है, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट (द्वितीय संशोधन) नियम, 2024 के रूप में जाना जाएगा. यह संशोधन 5 नवंबर 2024 को अधिसूचित किया गया. मुख्य न्यायाधीश द्वारा आंशिक कार्य दिवसों की अवधि और अवकाश की संख्या निर्धारित की जाएगी, जिसे राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा. यह अवधि रविवार को छोड़कर कुल 95 दिनों से अधिक नहीं होनी चाहिए. नए नियमों के तहत 'वेकेशन जज' की परिभाषा को समाप्त कर केवल 'जज' शब्द का उपयोग किया गया है. पहले, गर्मी और सर्दी की छुट्टियों के दौरान सुप्रीम कोर्ट पूरी तरह से बंद नहीं रहता था, और तत्काल मामलों की सुनवाई के लिए ''वेकेशन बेंच'' का गठन किया जाता था.



रायपुर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## संक्षेप

### बीएसएनएल ने 18 साल में दूसरी बार कमाया मुनाफा

**मुंबई,28 मई।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने घाटे की लकीर तोड़ते हुए एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है. वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने ₹280 करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है. यह इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि पिछले साल इसी तिमाही में बीएसएनएल को ₹849 करोड़ का भारी नुकसान उठाना पड़ा था. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस वित्तीय प्रगति की जानकारी साझा करते हुए कहा कि साल 2007 के बाद यह सिर्फ दूसरी बार है जब बीएसएनएल ने किसी तिमाही में मुनाफा कमाया है. इससे पहले अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में कंपनी को ₹262 करोड़ का लाभ हुआ था. पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसएनएल का नेट लॉस घटकर ₹2,247 करोड़ रह गया है, जबकि FY 2023-24 में यह आंकड़ा ₹5,370 करोड़ था. कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 7.8% की वृद्धि के साथ ₹20,841 करोड़ पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष ₹19,330 करोड़ था. वहीं, कुल राजस्व में 10% की उछाल देखने को मिली और यह बढ़कर ₹23,400 करोड़ हो गया — जो अब तक का सबसे बड़ा वार्षिक राजस्व है.

### असम पुलिस पर 171 फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप !

**नई दिल्ली,28 मई।** असम पुलिस पर लगे 171 कथित फर्जी एनकाउंटर के मामलों पर देश की शीर्ष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले को गंभीर मानते हुए निष्पक्ष और गहन जांच के आदेश दिए हैं। अदालत ने असम मानवाधिकार आयोग को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवारों से संपर्क के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करे। कोर्ट ने कहा, ''यह आरोप कि कुछ घटनाएं फर्जी एनकाउंटर हो सकती हैं, यह बेहद गंभीर हैं और अगर साबित हो जाता है तो ये संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का उल्लंघन माने जाएंगे। हालांकि यह भी उतना ही संभव है कि निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के बाद कुछ मामले कानूनन उचित और जरूरी पाए जाएं।'' सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हर मामले को स्वतंत्र रूप से देखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई निर्दोष मारा गया हो तो उसके लिए जवाबदेही तय हो सके। बता दें कि, असम पुलिस पर साल 2021 से 2022 के बीच कुल 171 फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगा है। जबकि असम सरकार ने कहा है की उन्होंने यह कार्रवाइयां 2014 के गाइडलाइन्स के अनुसार की गईं है। असम सरकार ने इन आरोपों को सुरक्षा बलों के अमनोबल तोड़ने की साजिश करार दिया है।

### विस्फोटक से भरा ट्रक लूट ले गए नक्सली

**राउरकेला,28 मई।** ओडिशा के राउरकेला में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है. नक्सलियों ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को लूट लिया है. नक्सलियों ने डेढ़ टन विस्फोटक से भरे ट्रक को लूटा है. इस घटना के बाद से झारखंड और ओडिशा पुलिस अलर्ट पर है.यह ट्रक राउरकेला के केबलांग थाना क्षेत्र से होते हुए बांको पत्थर खदान की ओर जा रहा था. सूत्रों के अनुसार नक्सलियों ने ट्रक को रोककर उसके चालक को बंधक बना लिया और ट्रक को जबरन सारंडा के घने जंगल की ओर ले गए. घटना के बाद से झारखंड और ओडिशा पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है. बता दें कि नक्सलवाद भारत के कई राज्यों में एक गंभीर चुनौती बना हुआ है. जिनमें विशेष रूप से छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से शामिल हैं. हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ कई सफल ऑपरेशन चलाए हैं.



## कुवैत में गुलाम नबी आजाद की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली,28 मई।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद को अस्पताल में भर्ती किया गया है. मंगलवार को भारतीय सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के कुवैत दौरे के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई. बीजेपी सांसद बिजयंत जय पांडा, जो इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, ने बताया कि आजाद फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर है. पांडा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनकी जांच की प्रक्रिया जारी है.

## भारत से आए मुहाजिरों की आखिरी उम्मीद आप, उन्हें बचाइए

### पाकिस्तानी नेता अल्ताफ हुसैन ने मोदी से लगाई गुहार

**करांची,28 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ गया है. इस स्थिति के बीच, पाकिस्तान से निर्वासित नेता और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के संस्थापक अल्ताफ हुसैन ने एक लाइव संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की. उन्होंने पीएम मोदी से यह अपील भी की कि पाकिस्तान में भारत से आए मुहाजिरों पर पाक सेना द्वारा अत्याचार किया जा रहा है, और उन्हें आज भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं माना जाता. हुसैन ने इन मुहाजिरों की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी से हस्तक्षेप की मांग की. अल्ताफ ने सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया कि कुछ मीडिया चैनलों ने उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया है. उन्होंने यह बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को कोई पत्र नहीं भेजा, बल्कि उनकी प्रशंसा की है और एक भावुक अपील की है. अल्ताफ के अनुसार, पीएम मोदी का बलूच समुदाय के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण साहसिकता और नैतिकता का प्रतीक है. उन्होंने पाकिस्तान में भारत से आए मुहाजिरों पर हो रहे अत्याचारों का भी उल्लेख किया, यह बताते हुए कि पाकिस्तान की सैन्य व्यवस्था ने इन मुहाजिरों और उनकी पीढ़ियों को पाकिस्तानी मानने से इनकार कर दिया है, साथ ही उनकी आवाज़ उठाने वाली पार्टी पर कई बार सैन्य कार्रवाई की गई है. मुहाजिर वे लोग हैं जो भारत-पाक विभाजन के समय और उसके बाद भारत से पाकिस्तान चले गए, विशेष रूप से उत्तर भारतीय राज्यों से कराची, सिंध और पंजाब जैसे क्षेत्रों में बसने के लिए. ये उर्दू भाषी समुदाय के सदस्य हैं और पाकिस्तान में अल्पसंख्यक के रूप में मौजूद हैं. इन्होंने पाकिस्तान के शहरी इलाकों, विशेषकर कराची, लाहौर और सिंध में शिक्षा, व्यापार और प्रशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने यह आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों के परिणामस्वरूप 25,000 से अधिक मुहाजिर युवाओं की हत्या की गई और हजारों को उनके माता-पिता के सामने से उठाकर गायब कर दिया गया, जो आज भी लापता हैं. अल्ताफ हुसैन ने कहा कि पिछले 61 वर्षों से मुहाजिरों का शैक्षणिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है, और पाकिस्तान में उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है.



## नौतपा में मानसून छत्तीसगढ़ पहुंचा

**रायपुर,28 मई।** पहली बार नौतपा में मानसून ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दी है. मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून बस्तर पहुंच चुका है. कुछ दिनों बाद पूरे राज्य में सक्रिय हो जाएगा. इस बार 10 जून तक मानसून छत्तीसगढ़ पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन 13 दिन पहले 28 मई को ही बस्तर पहुंच गया. बता दें कि 2024 में 8 जून को बस्तर में मानसून पहुंचा था. मौसम विभाग ने आज एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है. रायपुर में बादल छाए हुए हैं. गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. वहीं बारिश से प्रदेश में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36.3°C पेण्ड्रा रोड और सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 °C पेण्ड्रा रोड में दर्ज किया गया है. पिछले 24 घंटे में सुहेला, बस्तर से लेकर देवभोग तक बारिश हुई है. सुहेला में 6, देवभोग, बकावंड, भैरमगढ़ व माकड़ी में 4-4 सेमी, बस्तर, धनोरा, जगदलपुर, नानगुर, भोपालपट्टनम में 3-3 सेमी पानी गिरा है. इसी तरह दरभा, रतनपुर, कुमरदा, नारायणपुर, भाटापारा में 2-2, तोकापाल, कोहकामेटा, भानुप्रतापुर, अमलीपदर, लवन, अर्जुंदा, प्रेमनगर, फरसगांव, तमनार में एक-एक सेमी बारिश हुई है.

## कांग्रेस को बचाने कांग्रेसी निकाल रहे यात्रा : नेताम

**रायपुर,28 मई।** कांग्रेस के संविधान बचाओ यात्रा को मंत्री रामविचार नेताम ने तंज कसते हुए इसे कांग्रेस बचाओ यात्रा करार दिया. उन्होंने कहा कि कैसे कांग्रेस को बचाया जाए, इसके लिए यात्रा निकाल रही है. मंत्री रामविचार नेताम ने जातिगत जनगणना के प्रारूप की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर कहा कि कांग्रेस ने घूम-घूम कर देश को गुमराह करने का काम किया. कांग्रेस पार्टी अनर्गल बातें करते रहती है, उनका मुद्दा छीन गया. पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करके भी दिखाते हैं. पीएम मोदी शिलान्यास भी करते हैं, और उद्घाटन भी करते हैं. इसलिए कांग्रेस को सब्र करना चाहिए.वहीं बस्तर जिला के नक्सलमुक्त होने पर मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि देश के पीएम और केंद्रीय गृह मंत्री की सोच और परिकल्पना रही. हमारी सरकार और जवानों ने निर्णायक लड़ाई लड़ी. मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे की परिकल्पना रही. आगे बढ़ते हुए बस्तर नक्सल क्षेत्र को नक्सली मुक्त कर दिया गया है, कहीं कुछ बचे होंगे तो अगले मार्च तक पूरी तरीके से सफाया हो जाएगा. छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त प्रदेश के तौर पर देश में जाना जाएगा. वहीं शिक्षक संघों के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि लोगों को युक्तियुक्तकरण को क्लियर समझना होगा. लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है. शिक्षक बच्चों की भविष्य को संभालने के लिए हैं. एक कैंपस में दो-दो, तीन-तीन स्कूल चल रही हैं. अनावश्यक रूप से शिक्षकों को संलग्न किया गया है. उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं. हमारी सरकार शिक्षा की व्यवस्था को सुधारना चाहती है, पिछली सरकार ने शिक्षा के प्रति कोई जोर नहीं दिया. उन्हें सिर्फ नाम कमाने और हाइलाइट होने का ध्यान था.

## सीएम के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी

### उड़ान से ठीक पहले नीचे उतरे, मंगाया गया दूसरा हेलीकॉप्टर

**रायपुर,28 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलीकॉप्टर में सोमवार को उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खराबी सामने आई, जिसके चलते उन्हें हेलीकॉप्टर से उतरना पड़ा। यह घटना पुलिस लाइन हेलीपैड की है, जहां से सीएम साय 'सुशासन तिहार' कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, सीएम साय जैसे ही हेलीकॉप्टर में बैठे, तकनीकी टीम को उसमें कुछ खराबी नजर आई। एहतियातन मुख्यमंत्री को तत्काल हेलीकॉप्टर से नीचे उतारा गया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। घटना के बाद हेलीपैड में ही मुख्यमंत्री कुछ देर तक रुके रहे और हेलीकॉप्टर की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था का इंतजार कर रहे है। इसी बीच मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम साय ने पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया। अब उनके लिए दूसरा हेलीकॉप्टर मंगाया गया है, जिससे वह 'सुशासन तिहार' के लिए रवाना होंगे। फिलहाल मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और प्रशासन सतर्कता बरतते हुए स्थिति पर नजर बनाए हुए है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक और नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे।

## धान और दालों की एमएसपी में बड़ा इजाफा

**नई दिल्ली,28 मई।** नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट मीटिंग में बुधवार को 5 अहम फैसले लिए गए। इनमें सबसे बड़ा फैसला यह है कि धान की फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में 69 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया है। इसके साथ ही अब किसानों को धान की फसल पर प्रति क्विंटल कम से कम 2,369 रुपये मिलेगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य वह दर होती है, जिससे कम पर किसी फसल की खरीद नहीं की जा सकती। दूसरा फैसला दालों की एमएसपी में बड़े इजाफे के तौर पर हुआ है। अब तूर दाल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ा दिया गया है। इस तरह एक क्विंटल तूर दाल पर किसान को कम से कम 8000 रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही उड़द की दाल का एमएसपी भी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये किया गया है। मूंग दाल की एमएसपी 86 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,768 की गई है। खरीफ फसलों के लिए यह बड़ी बढ़ोतरी किसानों के लिए राहत है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विणी वैष्णव ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि बीते 11 सालों में मोदी सरकार ने तिलहन, दलहन और कपास की एमएसपी में करीब 50 फीसदी तक का इजाफा किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए लगातार कदम उठा रही है। किसानों के लिए एक फैसला और हुआ है। किसानों को क्रेडिट कार्ड पर 4 फीसदी की ब्याज दर पर लोन मिलेगा। इसके अलावा इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। आंध्रप्रदेश में बड़वेल नेल्लौर 4 लाइन हाइवे को मंजूरी मिली है। इसके साथ ही रतलाम से नागदा रेलवे लाइन को 4 लाइनिंग करने का निर्णय हुआ है। गौरतलब है कि मोदी सरकार से लगातार किसानों की मांग रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तय की जाए और इसके लिए कानून बनना चाहिए। सरकार ने इस पर कोई ठोस गारंटी नहीं दी है, लेकिन उसका कहना है कि एमएसपी में लगातार इजाफा किया

## मुख्यमंत्री साय ने ढाबा में किया भोजन

**सिमगा,28 मई।** रायगढ़ जिले के दौरे से लौटते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सिमगा में एक साधारण से ढाबा में रुके और वहां बैठकर स्थानीय व्यंजन का स्वाद लिया। सुशासन तिहार के अंतर्गत दिनभर की व्यस्त दिनचर्या के बावजूद उन्होंने ढाबे में भोजन किया और आमजन से सहजता से संवाद स्थापित किया।

मुख्यमंत्री साय ने ढाबा पर मौजूद लोगों से आत्मीयता से बातचीत की, हालचाल जाना और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना। न कोई तामझाम, न कोई सुरक्षा का दिखावा— बस एक जननेता की तरह लोगों के बीच बैठकर उन्होंने विश्वास और अपनापन बाँटा। इस दृश्य ने वहाँ मौजूद हर व्यक्ति के मन में मुख्यमंत्री की सरलता और जमीन से जुड़ेपन की एक मजबूत छवि बनाई। सिमगा स्थित आनंद ढाबे पर आम नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह उनकी नेतृत्व शैली



की सादगी और जनभावनाओं से जुड़ाव का प्रतीक है। भोजन के दौरान कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और उत्साहपूर्वक उनसे बातचीत की। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि मैं जहाँ भी जाता हूँ, वहाँ के लोगों से मिलकर मुझे ऊर्जा मिलती है। ये मुलाकातें मेरे लिए औपचारिकता नहीं, आत्मीयता हैं। उनके इस सहज और मानवीय रूप ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुशासन केवल मंचों पर नहीं, बल्कि आम जीवन के स्पर्श में भी झलकता है।

## तीसरा विश्व युद्ध लड़ लेंगे, ट्रंप ने पुतिन को धमकाया

**वाशिंगटन,28 मई।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्लेन को उड़ाने के लिए यूक्रेन की तरफ से ताबड़तोड़ ड्रोन दागे गए। ड्रोन से ऐसा हमला किया गया कि पुतिन इसकी चपेट में आ जाते तो तुरंत उनकी मौत हो जाती। ये खुलासा रूस की तरफ से किया गया। पूरी दुनिया इस खुलासे को सुनकर हैरान रह गई। लेकिन इसी बीच ट्रंप ने अब ऐसी हरकत कर डाली है कि पुतिन की तरफ से तीसरे विश्व युद्ध की धमकी दी गई है और साफ कहा गया है कि ट्रंप जिस तरीके से बयानबाजी कर रहे हैं, जिस तरीके से भिड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उसका नतीजा सिर्फ एक दिखाई दे रहा है और वो तीसरा विश्व युद्ध है। दरअसल, ये युद्ध रूस और यूक्रेन के बीच में हो रहा है। यूक्रेन और रूस एक दूसरे पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दाग रहे हैं। ड्रोन से वार किए जा रहे हैं। दोनों तरफ लोग मर रहे हैं। लेकिन ट्रंप यहां भी चौधरी बनने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप हर देशों के मामले में टांग अड़ाते नजर आते हैं। कभी जेलेंस्की से भिड़ जाते हैं तो कभी पुतिन को धमका देते हैं। बीते दिनों हमने तस्वीर देखी थी कि कैसे बीते दिनों व्हाइट हाउस में जेलेंस्की को सामने बिठाकर ट्रंप ने बेइज्जत करने की कोशिश की। युद्ध विराम को लेकर अपने नियम थोपने की कोशिश की। हालांकि



जेलेंस्की ने ट्रंप का मुकाबला अच्छे से किया और उन्हीं के घर में बैठकर ट्रंप को सुना दिया। वो अपनी बातों पर अड़े रहे और साफ कहा कि आप जिन नियम कानूनों के आधार पर युद्धविराम की बात कर रहे हैं, उससे ये होने से रहा। पुतिन और रूस वो फिर से युद्ध विराम को तोड़कर हमले करेगा। जिसके बाद कहा जाने लगा कि ट्रंप पुतिन के साथ खड़े हैं। लेकिन ट्रंप किसी के साथ खड़े नहीं हैं। मीडिया में कैसे बने रहना है। कैसे दुनिया में सुर्खियां बटोरनी है, इसकी कला ट्रंप को अच्छे से आती है।अमेरिका और रूस के बीच जुबानी जंग तेज हो चुकी है। पुतिन पर ट्रंप की टिप्पणी के बाद अब रूस भड़क गया है। रूस ने तीसरे विश्व युद्ध की धमकी दे डाली है। ट्रंप को रूस के टॉप सुरक्षा अधिकारी और पुतिन के करीबी देमेत्री मेदवेदेव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अगर यही हाल रहा तो तीसरा विश्व युद्ध हम लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पुतिन के आग से खेलने और रूस के साथ वास्तव में बुरी चीजें होने के दावे को लेकर ट्रंप की तरफ से इस्तेमाल किए गए शब्दों के लिए मुझे केवल एक बुरी चीज पता है और वो है तीसरा विश्व युद्ध। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप इसे समझेंगे।

ट्रंप ने कहा था कि रूसी राष्ट्रपति यूक्रेन के साथ युद्ध विराम वार्ता में शामिल होने से इनकार करके आगे आग से खेल रहे हैं। अगर वे नहीं होते तो रूस में बहुत सारी बुरी चीजें पहले ही हो चुकी होती। मेरा मतलब है कि बहुत बुरी चीजें। वह आग से खेल रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि वह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को लेकर अब सब्र खोते जा रहे हैं। मेरा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हमेशा बहुत अच्छा संबंध रहा है। लेकिन अब उनके साथ कुछ तो हुआ है। उनकी मति मारी गई है।

एक नजर

### लाखों की धोखाधड़ी,महिला गिरफ्तार



**भिलाई,28 मई।** भिलाई स्मॉल फाइनेंस के माध्यम से लघु उद्योग एवं व्यवसाय लगाने के नाम पर 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाली महिला को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोप है कि महिलाओं को षड्यंत्र पूर्वक अन्य प्रलोभन देकर उनके खाते में आई लोन रकम में से 80 प्रतिशत रकम नगद में निकलवाकर अपने पास रख लेती थी भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 23 मई को माया सोनी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मंजू सोनी कृष्णा नगर सुपेला मार्केटिंग का काम करती थी। इसके पूर्व में शासन द्वारा महिलाओं को सशक्त करने एवं व्यवसायिक दक्षता एवं आत्म निर्भर बनने के लिए स्माल फाइनेंस बैंको के माध्यम से समूह लोन की योजना के अन्तर्गत आसान किस्तों स्माल फाइनेंस बैंक की योजना का लाभ उठाते हुए गरीब महिलाओं को प्रलोभन देकर उनके नाम पर पृथक-पृथक स्माल बैंकों के नाम से अलग अलग समूह बनाकर महिलाओं को ग्राम शक्ति बैंक, बंधन बैंक, सुर्योदय बैंक, आर्शीवाद बैंक, ईशाख बैंक, सुभ्रा बैंक, सत्सा बैंक से लोन पास करने के झांसे में लिया। अपने घर कृष्णा नगर सुपेला में बुलवाकर महिलाओं के पूर्व से संचालित बैंक खाते में लोन की रकम आ जाने पर उन्हीं महिलाओं को प्रलोभन देकर उनके खाते में आई लोन रकम में से लगभग 80 प्रतिशत रकम नगद में निकलवाकर अपने पास रख लेती थी। उस किस्त में कुछ माह संयुक्त रूप से किस्त की अदायगी करती थी। लगभग छह से सात माह तक किस्त का भुगतान करवाती थी। उसी बीच में अन्य समूह बनवाकर यही प्रक्रिया अपनाती थी । इस प्रकार लगातार महिलाओं के समूह से प्राप्त रकम का स्वयं उपयोग कर, किस्त का भुगतान न कर गरीब महिलाओं के साथ लगभग 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की विवेचना करते हुए आरोपी मंजू सोनी निवासी कृष्णा नगर सुपेला को पकड़कर पूछताछ करने पर विभिन्न ग्रुप के माध्यम से अनेक महिलाओं के नाम अल्फा ग्रुप बनाकर लोन गृह उघोग एवं छोटे स्तर पर व्यवसाय चलाने के नाम पर रकम लेना जिससे एक स्कूटी सीजी सीएच 8547, कृष्णा नगर के घर का बेचकर अन्यत्र संम्पत्ति क्रय कर फरार होने की तैयारी में थी, लेकिन सुपेला थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया स्मॉल फाइनेंस के माध्यम से लघु उद्योग एवं व्यवसाय लगाने के नाम पर झांसा।

# ग्राम पुराई के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं : विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 28 मई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के खेल गांव के नाम से प्रसिद्ध ग्राम पुराई में प्लाटिंग विंग स्विमिंग एकेडमी द्वारा आयोजित स्विमिंग पूल निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विजय बघेल एवं विधायक ललित चंद्राकर के व शीतला ठाकुर कोच ओम ओझा के करकमलों द्वारा स्विमिंग पूल निर्माण की आधारशिला रखी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बघेल द्वारा खिलाड़ियों का ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद ग्राम पुराई के बच्चों ने विभिन्न खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाया है।जिस वजह से आज ग्राम पुराई को खेल गांव पुराई के नाम से पूरे छत्तीसगढ़ में जाना जाता है। इस स्विमिंग पूल निर्माण से यहां के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगा इसके लिए में ग्राम आश्रम कोच ओम ओझा को बधाई शुभकामना देता हूंदुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कोच ओम ओझा के प्रयासों की सहराहना करते हुए कहा अपने मेहनत और लगन के बल पर गांव में खेल प्रतिभा को निखार कर आगे लाया और इस गांव के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करे हैं। ये हमारे क्षेत्र व प्रदेश के लिए गौरव की बात है आज स्विमिंग पूल की आधार शीला रखे हैं आने वाले समय खम्हरिया में एक बड़ा खेल ग्राउंड सर्व सुविधा युक्त बनने वाला है।जिसके निर्माण होने पर खम्हरिया तथा खम्हरिया के आसपास के गांव में रहने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगाकोच ओम कुमार ओझा ने उपस्थित अतिथियों को किस प्रकार ग्राम वाशियों एवं खिलाड़ियों के सहयोग से स्विमिंग पूल निर्माण किया जा रहा है उसकी जानकारी दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ,उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू , सरपंच डोमार साहू, उतई मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच शीलता ठाकुर रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी , जनपद सदस्य झमित गायकवाड़ अधिवक्ता तुलसी साहू नवीन पवार , पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ,ग्राम करगाडीह सरपंच करण सेन , युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु फलेंद्र राजपूत पूनम सपहा छबीलाल साहू जी सहित पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के सदस्यगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## सुपेला ओवर ब्रिज के नीचे भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग

**भिलाई, 28 मई।** दुर्घटनाओं के कारण सुपेला ओवर ब्रिज के नीचे भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने बावत एक ज्ञापन मुस्कान फाउंडेशन के अध्यक्ष शरीफ खान ने सांसद विजय बघेल को दिया है। उन्होंने सांसद से अनुरोध किया है की जनता की परेशानी को देखते हुए सुपेला ओवर ब्रिज के नीचे से स्कूल बसें और सब्जी मंडी की गाड़ियों को छोड़कर अन्य वाहनों को प्रतिबंधित किया जाए जिससे दुर्घटनाओं में इजाफा न हो।

## पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की जयंती सृजनपीठ में मनाई गई



**भिलाई, 28 मई।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजनपीठ, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद में मंगलवार दोपहर बख्शी जी की 131वीं जयंती के अवसर पर साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपस्थित साहित्यकारों ने साहित्य में उनके योगदान को याद किया। बख्शी जी की कृतियों पर चर्चा हुयी। वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. सुधीर शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल, कवि ओमप्रकाश जायसवाल ने बख्शी जी को भारत का साहित्य-रत्न बताते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी को देश-दुनिया के साहित्य में अमर कर दिया। इस अवसर पर बख्शी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उनकी स्मृति को प्रणाम किया गया। बख्शी सृजनपीठ के कार्यालय सहायक हितेश कुमार साहू ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सनत कुमार मिश्रा, हर्ष साहू, युवराज देशमुख सहित दुर्ग भिलाई के साहित्यकार उपस्थित थे।

# 28 करोड़ जमा नहीं करने पर रिसाली निगम हर माह बीएसपी पर लगाएगा 2 प्रतिशत पेनाल्टी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 28 मई।** नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र को नोटिस जारी कर 28 करोड़ 86 लाख 30 हजार 37 रूपए जमा करने कहा है। राशि जमा नहीं करने पर कुल राशि पर 2 प्रतिशत पेनाल्टी हर माह जुड़ेगा। नगर पालिक निगम रिसाली ने संपत्तिकर की राशि कम होने पर वास्तवीक गणना कर नोटिस जारी किया है।

दरअसल नगर पालिक निगम भिलाई से अलग होकर बने रिसाली को भिलाई इस्पात संयंत्र हर वर्ष 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रूपए संपत्तिकर के रूप में देता है। रिसाली निगम हर वर्ष संयंत्र के अधिकारियों को नए सिरे विवरणी कर राशि जमा करने की बात कह रही है। इसके बाद भी संयंत्र किसी तरह की रूचि नहीं दिखा रहा है। लगातार आय में कमी होने पर निगम आयुक्त मोनिका ने आवास समेत रिक्त भूमि की गणना कराने के बाद संपत्तिकर का निर्धारण करते नोटिस जारी की है।

### वास्तविक टैक्स पर लगा पेनाल्टी

भिलाई इस्पात संयंत्र रिसाली को संपत्तिकर के रूप में 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रूपए दे रहा है। वास्तविक गणना के बाद यह राशि बढ़कर 6 करोड़ 69 लाख 84 हजार 8 सौ 85 रूपए हो गई है। स्व विवरणी में गड़बड़ी होने पर एक्ट के तहत संपत्तिकर राशि में 5 गुना पेनाल्टी 23 करोड़ 50 लाख 6 हजार 5 सौ 45 रू. है। भिलाई इस्पात संयंत्र को अब पेनाल्टी के साथ कुल 28 करोड़ 86 लाख 3 हजार 37 रूपए जमा करना होगा।

### इसका नहीं किया था निर्धारण

वास्तविक गणना में पाया गया कि इस्पात संयंत्र केवल टाउनशिन में बने रिहायशी आवास का संपत्तिकर दे रहा है। जबकि खाली जमीन, उद्यान, धार्मिक एवं व्यवसायिक परिसर का संपत्तिकर जमा ही नहीं कर रहा है। लगातार राजस्व की हानि पर रिसाली निगम ने सख्ती के साथ वसूली के लिए पत्र लिखा है।

### लगेगा 2 प्रतिशत अधिभार

संयंत्र के अधिकारी अगर नोटिस में दर्शाए गई राशि को शीघ्र जमा नही करता है तो यह राशि हर माह बढ़ेगी। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा 3 उपधारा 2 के अधीन एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका भवन, भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण नियम 2021 के नियम 14 के अनुसार संपत्तिकर के अंतर की राशि तथा अंतर की राशि जमा करने की तिथि के बीच अंतर के प्रत्येक माह के लिए 2 प्रतिशत की दर से अधिभार लिया जाएगा।

- रिसाली निगम ने भिलाई इस्पात संयंत्र को कर की राशि जमा करने कहा है। अगर भिलाई इस्पात संयंत्र इस संबंध में किसी भी प्रकार का पक्ष रखना चाहता है तो वह नोटिस प्राप्त होने से 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष रख सकता है।

पक्ष नहीं रखने पर अंतर की राशि और अधिरोपित राशि की वसूली नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार एकतरफा कार्यवाही की जाएगी

### विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**दुर्ग, 28 मई ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, भिलाई द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएँ दो वर्गों में आयोजित होंगी, जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तक तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।निबंध प्रतियोगिता का विषय 'प्लास्टिक कचरे का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव एवं इससे बचने के उपाय' निर्धारित किया गया है। प्रथम वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निबंध की शब्द सीमा 700 शब्द तथा द्वितीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1000 शब्द रखी गई है। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'धरती को प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण से बचाएं' है, जिसमें प्रतिभागी एक चौथाई चार्ट पेपर पर अपना पोस्टर बनाएंगे। प्रतिभागियों को निबंध एवं पोस्टर के पीछे अपना पूरा नाम, विद्यालय का नाम, पूर्ण पता तथा संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। उक्त प्रतियोगिताओं हेतु विद्यार्थी प्रविष्टियाँ 02 जून 2025 को दोपहर 12 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में जमा कर सकते हैं।

# ग्राम सेमरिया में आन ग्रीड सोलर प्लांट की स्थापना की जाएगी



**भिलाई, 28 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में बुलाई गई। जिसमें ग्राम सेमरिया में निगम के 74 एकड़ भूमि के खसरा नबंर 312/1 आनग्रीड सोलर प्लांट की स्थापना क्रेडा विभाग के सहयोग से 1000 किलो वाट का आनग्रीड सिस्टम के 2 प्लांट की स्थापना होगी। जिसकी लागत 12.76 करोड़ आएगी। उत्पादित बिजली छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। उसके बदले में उसी मूल्य की राशि की बिजली से निगम भिलाई अपने विद्युत व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा। एमआईसी के अनुशंसा के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति पश्चात आगे की कार्यवाही की जावेगी। निगम क्षेत्र में स्थित भवन अनुज्ञा प्राप्त आवास एवं व्यवसायिक परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी। जिसके माध्यम से लगभग 1660 बचे हुए आवासीय एवं व्यावसायिक मकान हैं, जिनका निगम कोष में 15 हजार रूपया जमा है। उसी पैसे से उन मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। जोन 03 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 02 तालाब के पास निर्मित उद्यान में वीर शहीद राम आशीष यादव अमर बलिदानी स्मारक 3डी स्टेचू पेडस्टल प्रतिमा स्थापना एवं उद्यान का नामकरण करने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने अनुशंसा करके सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ रखने हेतु स्वीकृति प्रदान की। जोन 03 अंतर्गत वार्ड 56 सड़क 15 एवं 15ए के मध्य बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 66 सेक्टर 02 सड़क 16 त्रिमूर्ति उद्यान में बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण करने का सहमति प्रदान की गई। वार्ड पार्षद द्वारा स्वयं स्थल परिवर्तन का मांग किया गया था। निगम क्षेत्र में स्थित 500 सीट शहरी अजीविका केन्द्र निर्माण कार्य संशोधित प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति हेतु कुल राशि 800 लाख मात्र की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त कार्य में विद्युत कार्य एवं आधुनिक पार्किंग व्यवस्था कार्य शेष था। उक्त कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु 49.96 लाख की अतिरिक्त बजट की आवश्यकता थी। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा विधायक निधि से शेष कार्य कराये जाने हेतु अतिरिक्त राशि 49.96 लाख अनुशंसा उपरांत दिनांक 23.03.2025 अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद उपरोक्त कार्य कराये जाने की अनुशंसा एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, सीजू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर सहित आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली आदि उपस्थित रहे।

### तीन बालिकाओं का हुआ कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

**दुर्ग, 28 मई ।** छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहरतराई, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खेलों इंडिया लघु केन्द्र मर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग के बालिका कबड्डी खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया। जिसमें 03 बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में कु. जान्हवी नेताम (ग्राम सांतरा), कु. किंजल ठाकुर, एवं कु. दिव्या नेताम ग्राम दरवार मोखली, का नाम शामिल है। तीनों खिलाड़ियों का चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए गौरव का विषय है।

## नालियों पर से अवैध कब्जा हटाए हटाने की कार्रवाई जारी



**भिलाई, 28 मई।** नगर निगम भिलाई द्वारा नालियों के ऊपर से अवैध कब्जा हटाए हटाने की कार्रवाई की गयी। स्थानीय लोगों की शिकायत मिल रही थी कि जुनवानी पेट्रोल पंप के सामने, शंकरा इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पंडित दीनदयाल आवासीय योजना तक बहुत से छोटे-बड़े खाने-पीने की सामग्री बेचने वालों की दुकान संचालित हो रही हैं। जहां पर रात का बचा खाद्य सामग्री उठाकर नालियों में डाल देते हैं। इससे बदबू फैला है और उन दुकानों पर खाने वाले लोग भी बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देते हैं जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। नालियों के ऊपर स्लैप डालकर कब्जा कर लेने से सफाई नहीं हो पा रहा रहा था। जब तक हटेगा नहीं तब तक पानी का बहाव ठीक नहीं होगा। प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन क्रमांक 1 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी के साथ मिलकर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई किए। इसके पूर्व में भी वहां पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन लोगों द्वारा फिर से नालियों के ऊपर स्लैब डालकर कब्जा कर लिया गया था। जिससे पानी जाम हो रहा था एवं बड़ी नाली में पानी नहीं पहुंच रहा था। बरसात से पूर्व नालों की साफ-सफाई ठीक से हो जाए इसलिए गैंग लगाकर काम कराया जा रहा है। उन जगहों पर परेशानी हो रही है, जहां पर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा करके स्लैब डालकर लोग कब्जा कर लिए हैं। उसको रोकने के लिए निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है, इसके आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। इसके पहले यातायात विभाग द्वारा भी लोगों को चेतावनी दी गई थी, फिर भी लोग नहीं सुधरे। निगम द्वारा निर्मित मुनारी भी कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान जोन सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक सिंह, विनोद शुक्ला, नंदू सिंह, इनाम सिंह कनौजे एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे

## फिल्टर प्लांट में चल रहे विद्युत मेंटेनेंस कार्य का निरीक्षण करने पहुंची महापौर

**दुर्ग, 28 मई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नाका स्थित 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शहर के टंकियों में पानी भरने सुचारू रूप प्रवाहित होने वाले बिजली व्यवस्था में बरसात के दिनों में नमी के कारण ट्रांसफार्मर में आने वाले तकनीकी खराबी को रोकने जलगृह विभाग के माध्यम से हो रहे सब स्टेशन संधारण का कार्य व 24 एमएलडी प्लांट के मोटर में आई खराबी के चल रहे मरम्मत कार्य का महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने जल कार्य विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन के साथ फिल्टर प्लांट पहुंचकर औचक निरीक्षण किया ईस दौरान विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार भी मौजूद थे मौके पर पहुंची महापौर श्रीमती बाघमार ने सबसे पहले आज विद्युत मेंटेनेंस के लिए 42 एमएलडी पानी सप्लाई में शटडाउन लेकर किए जा रहे कार्य की जानकारी ली स्थल पर मौजूद सब इंजिनियर मोहित मरकाम को कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिया तत्पश्चात 24एमएलडी प्लांट में आए दिन मोटर खराबी के कारण पानी सप्लाई में ही रही दिक्कत की भी जानकारी लेकर इस प्लांट से जुड़े सभी टंकियों को भरने वैकल्पिक व्यवस्था के कर प्रभावित क्षेत्र में पानी सप्लाई नार्मल करने हर संभव प्रयास करने कहा।उल्लेखनीय है कि रायपुर नाका स्थित 24 व 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में दोनो का अलग अलग विद्युत सब स्टेशन बने है जिसमे 42 एमएलडी प्लांट में लगे ट्रांसफार्मर कमरानुमा रूम मे स्थापित होने के करण बरसात के दिनों में नमी आ जाति थी जिसके चलते बारिश के दिनों में प्लांट के अंदर नमी के कारण बिजली ठप्प हो जाती थी जिसे ध्यान में रखते हुए विसीबी ड्क्ष्टक्क स्ट्रक्कर को इनडोर से आउटडोर करने आज इस प्लांट से जुड़े महत्व पूर्ण कार्य के लिए दोपहर से लेकर शाम तक शट डाउन किया गया था जो बारिश व समय अभाव के कारण कार्य पूरा नही हो पाया जो अब शेष कार्य के लिए फिर एक बार शट डाउन किया जाएगा ईस कार्य के पूर्ण होने के बाद बरसात के मौसम में होने वाले मशीनों में मॉइश्चर से मुक्ति मिल सकेगी।वही 24 एम एल डी प्लांट का 110 एच पी के मोटर में बड़ी खराबी आ गई है जिसे पूर्ण सुधार के लिए सुधार कंपनी भेजा जा रहा है इसके स्थान पर वर्तमान में चल रहे ।

# बरसात के समय जल भराव की स्थिति कहीं भी न आए,आयुक्त ने दिए निर्देश



**भिलाई, 28 मई।** वैशाली नगर जोन क्र. 02 क्षेत्र में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसको रोकने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी को लेकर ऐसे जगहों पर जाकर निरीक्षण किए। जहां से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इसकी शुरूवात सुपेला गदा चौंक पर स्थित बड़े नाले का निरीक्षण करने से ज्ञात हुआ कि उस पर अवैध कब्जा करके उसे रोक दिया गया है। पानी निकासी का रास्ता आगे जाकर बंद हो गया है। थोड़ा भी बरसात होता है, तो गदा चौक से वैशाली नगर, अवंती बाई चौक, सुपेला बाजार इंदिरा नगर क्षेत्र में जल भराव हो जाता है। वहां पर गैंग लगाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एम.आई.सी सदस्य केशव चौबे, पार्षद महेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा संयुक्त रूप से गदा चौक से मुरम खदान बस्ती क्षेत्र में निरीक्षण करने पर पता चला कि बड़े नाले के उपर अबदुल कलाम खान, नूर पोल्ट्री फार्म के द्वारा अवैध निर्माण कर लिया गया है। जिसके कारण पानी का निकासी आगे नहीं हो पा रहा है। उन्हे स्वयं से अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 दिवस का नोटिस दिया गया है। नहीं हटाने पर निगम द्वारा नियमानुसार तोड़फोड़ की कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार वार्ड 14 शांति नगर के निचली बस्ती इंदू आई.टी.आई का निरीक्षण भीगते पानी में किया गया। नाले के ऊपर गिरकर फंस जाने के कारण पानी में रुकावट हो गया था, उसे तत्काल हटाया गया। जो भी नाले के उपर अवैध कब्जे हैं, जहां से पानी जमा होने की संभावना है, उन सभी जगहों को साफ करने के लिए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया। यह बात का भी ध्यान रखा जाए, जो भी मलवा निकले उसे तुरंत वहां से हटाया जाए। नहीं तो वहीं मलवा बरसात होते ही नाली में जाकर जाम कर देता है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा, अभियंता अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा अपने क्षेत्र के सफाई दल के साथ उपस्थित रहे।

### दुर्ग व धमधा के 12 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य हेतु 60 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग, 28 मई ।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2024-2025 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार अधोसंरचना निर्माण कार्यो की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इसके आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जनपद पंचायत दुर्ग के 7 एवं धमधा के 5 ग्राम पंचायतों में अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र/सीएससी भवन निर्माण हेतु 60 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कांग्रेस ने ग्राम शिकारी महाका में आयोजित की संविधान बचाओ रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 28 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छुरिया एवं कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं सभा का कार्यक्रम खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिकारीमहका में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली के रूप में भारत माता का जयकारा और संविधान बचाओ के गगन भेदी नारों के साथ रैली निकाल कर की गई जो ग्राम शिकारीमहका के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण मे सभा करने के पश्चात समाप्त की गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज उनको याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। कार्यक्रम को राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संयुक्त महामंत्री विभा साहू, राजनांदगांव जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, अब्दुल खान ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने किया। छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामंत्री चुम्मन साहू, संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, जनपद सदस्य सीमा यादव, राजकुमारी सिन्हा, पार्षद सोनू खान, रोशन रजक, वसीम कुरैशी, अंजलि धावडे, हेमलता बंजारे, चंद्रिका वर्मा, लालचंद साहू, कन्हैया कोले, प्रकाश मोटघरे, पूरन नेताम, पन्ना साहू, देव पंड्रो, रामगुलाल धावडे, सतीश पटेल, अकील मेमन, गिरधारी साहू, अश्विन कुमार सिन्हा, दीप कुमार मंडावी, विनोद मंडलोई, अमित अग्रवाल, मोनू खान, जगदीश बघेल, रोशन साहू, नरेंद्र साहू, रेवती सिन्हा सहित कांग्रेस जन एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

## बाबा मरस पोटा धाम में शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया




■ अभिषेक गुड़ चना खिचड़ी नारियल तील का लड्डू भोग लगाकर भक्तों को वितरण किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 28 मई।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 27 मई दिन मंगलवार शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया सुबह से शनि चालीसा का पाठ / सरसों तेल से अभिषेक एवं महा आरती के बाद चना गुड़ तील एवं नारियाल का लड्डू एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया

राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन भंडारा हनुमान जन्मोत्सव कन्या विवाह आयोजन के बाद

शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया पुरे मंदिर प्रांगण को झंडा तोरण से सजाया जा रहा है। बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है बढ़ी संख्या में भक्त रोजाना दर्शन करने दुर दुर से आते हैं। बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/अनमोल पगारेराजकुमार देवांगन/। /बेलीराम साहु/ /गौतम निर्मलकर /आरती यादव/ हेमु राम साहू /नीलकंठ यादव /संजय यादव/ रावेन्द्र कुमार दुबे दिलीप मेश्राम सहित बाबा मरस पोटा धाम समिति के सदस्यों एवं भक्त शनिदेव जन्मोत्सव अवसर पर आ भक्ति मय कार्यक्रम में बढ़ी संख्या में भाग लिया

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन सीढ़ी के सामने से मोटर साइकिल की चोरी

**डोंगरगढ़, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवारी पारा में घर के सामने से मोटर साइकिल चोरी का मामला आने के बाद रेलवे स्टेशन के स्केलटर सीढ़ी के सामने से अज्ञात चोर के द्वारा पीएचडी कर रहे छात्र की मोटर साइकिल चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है. जिसकी शिकायत प्रार्थी नीतीश साहू पिता परदेशी साहू निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ ने पुलिस थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई है. प्रार्थी ने अपनी रिपोर्ट में लिखाया कि वह पीएचडी की पढाई कर रहा है और 23 मई दिन शुक्रवार को लगभग दिन के 11.50 बजे अपनी मोटर सायकल हीरो आई स्मार्ट क्रमांक ष्त्र-04-स्ह्र-9063 लाल काला रंग से राजनांदगांव जाने के लिए घर से निकला था और मोटर सायकल को डोंगरगढ रेल्वे स्टेशन स्केलेटर सीढी के सामने में खडी कर हैण्डल लॉक कर ट्रेन से राजनांदगांव चला गया था और लगभग शाम 06.30 बजे वापस आकर देखा तो मेरा मोटर सायकल जहां पर खडा किया था वहां पर नही था जिसका आस पास पता तलाश किया पर कही कोई पता नही चला है। इस घटना के विषय में अपने दोस्त वैभव व सुब्रत को बताया हुं। पुलिस द्वारा इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना में लेकर अज्ञात चोर की पतासाजी की जा रही है.

### सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने किया सासंद प्रतिनिधि का सम्मान



**डोंगरगढ़, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष तरुण हथेल का स्वागत करते सम्मान किया गया। समाज के भाइयों और बहनों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सांसद संतोष पांडे का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने तरुण हथेल को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया। समाज के लोगों ने एकत्रित होकर अपनी खुशी जाहिर की और तरुण हथेल के उवल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह में समाज के लोगों ने एकजुट होकर तरुण हथेल जी के प्रति अपना समर्थन और स्नेह व्यक्त किया। समाज के नेताओं ने कहा कि तरुण हथेल के सांसद प्रतिनिधि बनने से समाज के लोगों को और अधिक लाभ होगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

### वाहन चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का संक्षिप्त इस प्रकार है कि प्रार्थी विनय कुमार पिता जसपाल बघेल उम्र 22 साल निवासी नंदई चौक राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का द्वारा शिकायत आवेदन पत्र की गई जॉच पर पाया कि मोहम्मद शाद पिता अब्दुल हकीम निवासी नंदई कुंआ चौक राजनांदगांव द्वारा प्रार्थी के वाहन बलेनो क्रमांक सी0जी0/24/यू0/2481 को प्रार्थी को बिना बताये दूसरी चाबी से चालू कर चोरी की नियत से ले गया है तथा मोहम्मद शाह से से उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर टाल मटोल कर प्रार्थी को 04 माह तक घुमाते रहा तथा अभद्रापूर्वक व्यावहार कर अश्लील गाली गलौज करने लगा। शिकायत आवेदन पत्र की जॉच पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी सरगार्मी से की जा रही थी कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी को भिलाई जिला दुर्ग से हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के निशादेही पर से चोरी गई वाहन बलेनो क्रमांक सी0जी0/24/यू0/2481 जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, सउनि गोवर्धन देशमुख आरक्षक आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, रूपेन्द्र वर्मा की विशेष भूमिका रही।

## पति ने रची थी मोहला के शेरपार में पदस्थ महिला टीचर की हत्या की साजिश

# शिक्षिका पत्नी को बोलेरो से मारी थी टक्कर सांस चलने पर राड से मार कर की थी हत्या

■ पति पत्नी के बीच थी अनबन, दो मासूम बच्चे हुए अनाथ

■ दोस्त के साथ रेकी करने के बाद दिया घटना को अंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



### सड़क हादसा है दिखाने का प्रयास किया

22 मार्च 2025 को स्कूल से छुट्टी के बाद बरखा वासनिक स्कूल के प्युन के साथ स्कूटी से दुर्ग लौट रही थी वह हितकसा मंदिर के पास पहुंचे थे तभी पति के द्वारा बोलेरो से टक्कर मार दी गई बरखा और प्युन गंभीर रूप से घायल हो गए इस दौरान बरखा की सांसे चल रही थी इसके बाद शीशपाल बोलेरो से नीचे उतरा गाड़ी में रखें लोहे के राड से उस पर ताबड़तोड़ हमला किया जिसके चलते शिक्षिका का मौके पर ही मौत हो गई पहली नजर में यह मामला महज एक सड़क हादसा लग रहा था।

**मोहला, 28 मई।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के शेरपार हाई स्कूल में पदस्थ गणित कि व्याख्याता बरखा वासनिक की जान नेशनल हाइवे के सड़क हादसे में नहीं इंजीनियर पति के द्वारा रची गई एक घातक हत्याकांड की व्यू रचना थी। 22 मार्च शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद व्याख्याता पत्नी अपने स्कूल में पदस्थ महिला प्यून के साथ स्कूटी से अपने घर दुर्ग लौट रही थी इसी समय दिल्ली राजहरा -मानपुर नेशनल हाईवे 930 मे इंजीनियर पति पत्नी को रास्ते से हटाने मौत बन के खड़ा हुआ था जिसने हाइवे मे अपनी पत्नी को पहले बोलेरो वाहन से ठोकर मारी सांस चलने पर राड से पीट-पीट कर मार डाला। परिजनों के द्वारा हत्या के आशंका व्यक्त करने के बाद दल्ली राजहरा पुलिस कि गहन जांच में मामला हत्याकांड में परिवर्तित हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहला मानपुर तथा बालोद जिला के दल्ली राजहरा सीमा पर स्थित ग्राम शेरपार हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षिका बरखा वासनिक 35 वर्ष तथा स्कूल में पदस्थ भृत्य मथुरा मण्डावी 22 मार्च शनिवार शाम 4:30 बजे छुट्टी होने के बाद नेशनल हाईवे 930 से वापस दल्ली राजहरा दुर्ग की ओर जा रहे थे इसी दरमियान दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र के हितकसा मंदिर के पास दोनों स्कूटी सवार महिलाओं को एक अज्ञात वाहन ने रौद डाला। दर्दनाक हादसे मे व्याख्याता बरखा वासनिक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं भृत्य मथुरा मण्डावी को गंभीर चोट आई। अज्ञात गाड़ी के रौंदने से मौत होने का मामला पंजीबद्ध कर दल्ली राजहरा पुलिस विवेचना शुरू की ही थी कि परिजनों ने अपनी बेटी के हत्या किए जाने का आशंका व्यक्त किया इस दिशा में जब जांच की गई तो इस हत्याकांड के पीछे विद्युत मंडल में पदस्थ इंजीनियर पति शीशपाल वासनिक व अन्य एक आरोपी निकला।

**पति-पत्नी के बीच चल रहा था अनबनः** मृतक बरखा वासनिक दुर्ग अपने मायके में रहती थी। उनके दो बच्चे है 7 वर्ष की बेटी तथा 6 वर्ष का बेटा। मृतिका के पति शीशपाल वासनिक बिजली विभाग में कार्यरत हैं जिससे पारिवारिक विवाद होने के कारण शिक्षिका अपने मायके शंकर नगर दुर्ग में अपने दोनो बच्चों के साथ रहती थी। वही घायल मथुरा मण्डावी उम्र 45 वर्ष ग्राम परसोदा बालोद की निवासी हैं। दोनो स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात् स्कूटी से दल्ली राजहरा दुर्ग की ओर आ रहे थे।

सीसीटीवी फुटेज और बोलेरो नंबर से पकड़ाया आरोपी : इस सड़क हादसे के बाद परिजनों ने दल्ली राजहरा थाने से लेकर एसपी कार्यालय बालोद के लगातार चक्कर काटते रहे सीसीटीवी फुटेज बोलेरो नंबर स्कूल के बच्चों के दिए गये बयान के बाद दल्ली राजहरा पुलिस ने जांच दोबारा शुरू की जहां से पता चला कि पति पत्नी के बीच अनबन थी दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे। पत्नी बच्चों को लेकर दुर्ग में अलग रह रही थी इस बात से इंजीनियर शीशपाल वासनिक नाराज था पत्नी को मारने की साजिश रची बरखा के आने जाने की टाइमिंग रास्ता रोजमर्रा की आदतों की रेकी कर एक साथी के साथ मिलकर 22 मार्च को इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

*दल्ली राजहरा पुलिस ने पति शीशपाल और उसके एक सहयोगी को इस हत्याकांड के मामले में हिरासत में लिया है पूरे मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।*

***एसपी मोनिका ठाकुर बालोद***

## प्रसिद्धी का सीसीआरटी के लिए किया गया चयन

**डोंगरगढ़, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संस्कारधानी जिले में संचालित चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र व वेदाँग पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी प्रसिद्धी सुपुत्री गीताँजलि तुषार सिन्हा एवं सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्य गुरू डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा की पोती का चयन राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रशिक्षण स्त्रोत (सीसीआरटी) नई दिल्ली द्वारा नौ से तेरह वर्ष के बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक टैलेन्ट सर्च स्कालरशिप हेतु वर्ष 2024-25 के लिए कत्थक नृत्य के क्षेत्र में पारंपरिक कलाकार फेमली केंटेगरी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से चयन किया गया है। ज्ञात हो प्रसिद्धी सिन्हा अपने परिवार में कत्थक नृत्य विद्या की तीसरी पीढ़ी की पारंपरिक परिवार से है। अपने परदादा गुरू पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज जी का आशीर्वाद और दादा डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा से विरासत में प्राप्त कत्थक नृत्य की शिक्षा एवं दादी, माँ, बाबू जी और बुआ हर्ष बाला सिन्हा का नृत्य के प्रति अर्पण समर्पण का संस्कार प्रसिद्धी सिन्हा को मात्र तीन वर्ष की उम्र से कत्थक नृत्य की शिक्षा मिलने लगा था।



दादा डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र (संगीत महाविद्यालय) की स्थापना कर संस्कारधानी राजनांदगांव में विगत 43 त्रालीस वर्षो से रायगढ़ दरबार नृत्य, संगीत परंपरा का शिक्षण, संरक्षण, संवर्धन के लिए सतत् रूप से संकल्पित होकर बच्चों को शिक्षा दे रहे है। प्रसिद्धी सिन्हा की इस उपलब्धि केछत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा सहित अन्य शुभचिंतकों द्वारा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने लिया नालंदा परिसर व मोतीपुर अंडर ब्रिज का जायजा

■ निर्माण कार्य चालू करने ड्राइंग डिजाइन देने अधिकारियों को दिये निर्देश

■ सम्पवेल की सफाई करने तथा मोटर दुरूस्त रखने किये निर्देशित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 28 मई।** निगम सीमाक्षेत्र निरीक्षण की कडी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज निर्माधाधीन नालंदा परिसर स्थल एवं मोतीपुर अण्डर ब्रिज का जायजा लेकर नालंदा परिसर के लिए ले-आउट देने तथा अण्डर ब्रिज के सम्पवेल सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज सुबह निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के साथ निगम के विकास कार्यो के निरीक्षण की कडी में नालंदा परिसर निर्माण के लिए उर्जा पार्क के बाजू चयनित स्थल का जायजा लेकर संबधित ठेकेदार को ले-आउट देने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च पद प्राप्त करने तैयारी करने सर्वसुविधायुक्त लायब्रेरी के लिए शासन द्वारा नालंदा परिसर निर्माण करने स्वीकृति प्रदान किए है, जिसका शासन स्तर पर प्रक्रिया उपरांत गत दिनो विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा भूमिपूजन कर जल्द निर्माण शुरू करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. साहब के निर्देशानुसार एवं शासन मंशानुरूप नालंदा परिसर का निर्माण करना है, इस संबंध में उन्होंने समय सीमा को ध्यान मे रखकर ठेकेदार को कार्य प्रांरभ करने निर्देशित किए। उन्होंनें भूमि समतलीकरण कार्य देख अधिकारियो से कहा कि जल्द ले-आउट देकर कार्य मे तेजी लावे।

मोतीपुर अण्डर ब्रिज का जायजा लेकर कलेक्टर डॉ. भूरे ने ब्रिज से पानी निकासी के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि सम्पवेल की सफाई करे तथा मशीने दुरूस्त रखे, साथ ही अतिरिक्त मशीन रखे ताकि बरसात में ब्रिज से पानी निकासी में रूकावट न हो एवं आवागमन सुचारू रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपान अभियंता संजय वर्मा व दीपक खाण्डे सहित तकनीकि अधिकारी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में समस्याओं के निराकरण की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़- चौकी, 28 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित नगरीय निकाय क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में मलभूत समस्याओ व शिकायतो से जुडे तीन सौ से अधिक समस्याओ का निराकरण किया गया। शिविर में दिन भर महतारी वंदन योजना व भूमीहीन कृषक न्याय योजना व पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओ की भीड उमडी रही। छग सरकार का विशेष अभियान सुषासन तिहार योजना अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ चौकी का तीसरा समाधान शिविर पीमएआत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम शाला में आयोजित किया गया। पहले समाधान शिविर के लिए टाउन हाल का चयन किया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के अंतर्गत नगर में आयोजित सामूहिक विवाह के लिए टाउन हाल को महिला बाल विकास विभाग को सौप दिया गया। जिससे समाधान शिविर पीएम शाला में सम्पन्न हुआ। अचानक शिविर स्थल में परिवर्तन किए जाने से शिविर स्थल में अव्यवस्था की स्थिती बनी रही। बैठक व्यवस्थ को लेकर स्थानीय नागरिक खासे परेशान रहे। जबकि शिविर स्थल में विभागो का स्टाल लगाए जाने को लेकर भी अधिकारी कर्मचारियो को परेशान होते देखा गया। नगरीय निकाय क्षेत्र के लिए आयोजित किए गए इस शिविर के प्रभारी सीएमओ विजय पांडेय ने बताया की शिविर मे कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 308 आवेदनो का तत्काल मौके में निराकरण किया गया। शिविर में सबसे अधिक 138 आवेदन राजस्व विभाग एवं नगरीय निकाय को 121 आवेदन को प्राप्त हुए जिसमे सारे आवेदनो का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा मौके पर किय गया। शिविर में खाद्य व छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी को एक एक दर्जन आवेदन मिले। जिसका शिविर स्थल में ही निरकारण किया गया। इसके अलावा अन्य विभागो के स्टाल में आवेदनो की संख्या दो अंको तक नही पहुच पाई।

## सुशासन तिहार : पटेवा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 28 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत पटेवा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत पटेवा, अउरदा, इरईखुर्द, खजरी, इरईकला, गिधवा, हरडुवा, मासूल, बरबसपुर, चवंरढाल के ग्रामीणों से प्राप्त 3874 आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ ही शिविर स्थल पर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों को जॉब कार्ड, नवीन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र एवं आवास पूर्णता होने पर आवास की चाबी का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागीय स्टॉल में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं नन्हें बच्चों का अन्नप्रसान भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया।

शिविर में विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, समाज सेवी खूबचंद पारख, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनिल सिन्हा, जनपद सदस्य तुलसी साहू, जनपद सदस्य लक्ष्मीदास कोसरे, जनपद पंचायत सदस्य मनजु चंदेल, जनपद पंचायत सदस्य जितेन्द्र गायकवाड़, नरेन्द्र वर्मा, राजेश गुप्ता, एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मामला- ग्रामी पंचायत मुरमुंदा का

# विवाद के बाद पीडीएस चावल की अफरा-तफरी का हुआ भंडाफोड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 28 मई।** बताया जाता है कि पीडीएस का चावल 407 गाड़ी क्रमांक सीजी 08 एएफ 1227 में 105 कट्टा लादकर राजनांदगांव जिला मुख्यालय के मिलो में खपाने की तैयारी चल रही थी इस दौरान डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिलने के बाद पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुँचकर शिकायत सही पाए जाने के बाद पीडीएस चावल सहित 407 गाड़ी को थाने में लाया गया. यह घटना 26 मई दिन सोमवार के दिनदहाड़े लगभग 12.00 बजे का बताया जाता है. थाना लाने के बाद आरोपियों के द्वारा मामले को दबाने को लेकर प्रयास तेज कर दिया गया था. चर्चा है कि थाने में 407 आने के बाद कई घंटो के लिए पीडीएस चावल से भरा वाहन गायब हो गया था परंतु थाने के सामने खड़ी गाड़ी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया और पुनः चावल से भरे गाड़ी को थाने लाया गया और इसकी सूचना एसडीएम मनोज मरकाम को दी गई जिसके बाद फूड विभाग, मंडी के अधिकारी कर्मचारी थाने पहुँच कर वाहन व चावल की जप्ती बनाकर मार्किंग करने के पश्चात गाड़ी को थाने में खड़ा किया गया है. इस घटना को लेकर दिनभर तरह तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया था. चर्चा तो ऐसी भी थी कि पुलिस लेनदेन कर 407 को अन्य स्थान पर भेज कर पीडीएस चावल में कनकी चावल की मिलावट कराकर यह प्रयास किया गया कि किसान राइस मिल से धान कुटवाकर आ रहा है परंतु शिकायतकर्ताओं ने गाड़ी के थाना पहुँचते ही वीडियोग्राफी कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था जिसके पुरे मामले का भांडाफोड़ हो गया और 26 मई की देर रात 10 बजे तक जप्ती की कार्यवाही कर पुलिस को सुपुर्द किया गया. बताया जाता है उक्त पीडीएस चावल मुरमुंदा के व्यापारी केवल साहू के द्वारा एकत्र कर अफरातफरी करने का कार्य लंबी समय से किया जा रहा था परंतु 25 मई को आरोपी के द्वारा नागतराई निवासी संदीप टंडन के साथ पुराने लेनदेन को लेकर आरोपी साहू व दो अन्य लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने की शिकायत थाना डोंगरगढ़ में दर्ज कराई गई थी. इस घटना के बाद प्रार्थी के द्वारा पीडीएस चावल की अफरातफरी करने के मामले में रंगे हाथ पकड़ाया गया है जिसकी जाँच खाद्य विभाग व जिला कार्यालय में पदस्थ क्वालिटी इंस्पेक्टर को सौंपी गई है. वाहन में 105 कट्टा पीडीएस चावल की जप्ती बनाई गई है.



### फूड विभाग की खुली पोल.

बताया जाता है कि डोंगरगढ़ विकासखंड क्षेत्र में लगभग 230 राशन दुकान संचालित है जहाँ से सरेआम अलग अलग व्यापारियों के द्वारा पीडीएस चावल की खरीद फरोख्त करने की शिकायते आए दिन मिलते रहता है परंतु खाद्य एवं क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण ऐसे आरोपियों के हौसले बुलन्द होते जा रहे है. ज्ञात हो कि पिछले 06 माह के अंदर ही ग्राम पंचायत नागतराई, हरणसिंघी, मुरमुंदा, गाजमर्रा, कल्याणपुर, बोरतलाव, पनियाजोब के क्षेत्रों में पीडीएस चावल की अफरातफरी करने के कई मामले रंगे हाथ पकड़े गए हैं परंतु कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण मामले आज भी लंबित है जिसको लेकर चर्चा है कि विभाग के जिम्मेदार लोग मोटी रकम लेकर मामले को दबाए बैठे है जिसके कारण सरेआम क्षेत्रों में पीडीएस चावल की अफरातफरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है. चर्चा तो यहाँ तक है कि प्रत्येक पीडीएस राशन दुकान से सेवा सत्कार के नाम पर प्रति दुकान 15 सौ रू महीना की वसूली कर्मचारियो को भेजकर कराई जाती है जो शासन प्रशासन के अधिकारियों के लिए जाँच का विषय बन गया है.

संपादकीय

## कोई यकीन नहीं कर सकता इस बात पर

दो देशों के बीच लड़ाई होती है तो किसी देश में ऐसा नहीं होता है कि हमला करने वाला देश जिस देश पर हमला करना चाहता है, वह उसे हमला करने के पहले बताएगा कि हम तुम्हारे यहां इतनी जगहों पर कैसे हमला करने वाले हैं। आज तक किसी देश ने ऐसा नहीं किया है, क्योंकि हमला करने का मकसद ही दुश्मन देश को नुकसान पहुंचाना होता है, सबक सिखाना होता है। ऐसे में कोई देश जब नुकसान पहुंचाना चाहता है तो वह उस देश को क्यों बताएगा कि हम तुमको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं.ऐसा करने पर तो दुश्मन देश पर हमला करने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है क्योंकि जब उसे मालूम हो जाएगा कि दुश्मन देश उस पर कहां कहा हमला करने वाला है तो वह नुकसान से बचने का उपाय कर लेगा। ऐसे में तो हमला करने पर भी दुश्मन देश को कोई नुकसान नहीं होगा। ऐसा पाकिस्तान में नहीं हुआ। भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के ९ आतंकियों के ठिकानों पर सफल हमला किया। सटीक हमला किया। पूरे नौ ठिकाने नष्ट कर दिए। भारत पाकिस्तान के भीतर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करना चाहता था और उसने कर दिया।इससे साबित होता है कि भारत ने पाकिस्तान को आपरेशन सिंदूर के पहले नहीं बताया था कि वह पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों पर हमला करने वाला है। भारत ने ऐसा किया होता तो पाकिस्तान आतंकियों के ठिकानों को बचाने के लिए जरूर कुछ करता। पाकिस्तान आतंकियों के ठिकानों को बचाने के लिए कुछ नहीं कर पाया, इससे भी साबित होता है कि भारत के विदेश मंत्री ने आपरेशन सिंदूर के पहले पाकिस्तान को हमले के बार में नहीं बताया था। विदेश मंत्री जयशंकर कई बार कह चुके हैं उन्होंने आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को बताया कि हमने आपरेशन सिंदूर कर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया है। हमने सेना के किसी ठिकाने, रिहायशी इलाकों को निशाना नहीं बनाया है। यह हमारा लक्ष्य था हमने पा लिया है,। हमारी तरफ से मामला खतम है, पाकिस्तान अगर भारत पर किसी तरह की सैन्य कार्रवाई करता है तो भारत उसका समुचित जवाब देने को तैयार है।जयशंकर ने सोमवार को एक बार फिर संसदीय सलाहकार समिति को बताया है कि भारत ने आपरेशन सिंदूर के ३० मिनट बाद पाकिस्तान को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया है। यह सच ही है क्योंकि यह नया भारत है। यह घुसकर मारता है, मारने के बाद बताता भी है हमने कहां मारा है और दुनिया को जताता है भी कि हम पर अगर आतंकवादी हमला किया गया तो अब हम उसे एक्ट आफ वार मानेंगे और सैन्य कार्रवाई भी करेंगे। आपरेशन सिंदूर भारत नए भारत का प्रतीक है। बदले हुए भारत का प्रतीक है। किसी से नहीं डरने वाले भारत का प्रतीक है। तय कर लिया जो करना है तो भारत वह अब करके रहता है। राहुल गांधी को यह निडर,मजबूत भारत अच्छा नहीं लगता है। वह दुनिया को बताना चाहते थे कि भारत का विदेश मंत्री डरपोक है, पीएम डरपोक है। विदेश मंत्री कमजोर है, डरपोक है,इसलिए उसने आपरेसन सिंदूर के पहले पाकिस्तान को बता दिया कि हम पाकिस्तान पर हमला करने वाले है, आप जो बचाना चाहते हो बचा लो। पीएम डरपोक है, इसीलिए अमरीका के कहने पर युध्द विराम कर लिया।उनके इस झूठ को जनता ने मान ही नहीं सकती थी और नहीं माना। राहुल गांधी कई बार झूठ कह चुके हैं और उनके झूठ की पोल हर बार खुल गई है। राफेल के मुद्दे पर उन्होने चौकीदार चोर कहा था हुआ किया, मोदी दूसरी बार चुनाव जीतकर पीएम बन गए। भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान बदल देगी, झूठा प्रचार किया पीएम मोदी व भाजपा को हराने के लिए हुआ क्या, तीसरी बार पीएम मोदी बन गए और तीसरी बार भाजपा की सरकार बन गई। कांग्रेस व राहुल गांधी जानते हैं कि सर्जिकल स्ट्राइक व एरियल स्ट्राइक का भाजपा को राजनीतिक फायदा हुआ था, इस बार आपरेशन सिंदूर का भी भाजपा कहीं राजनीतिक फायदा न उठा ले, राहुल गांधी झूठ कहकर सोचते हैं कि वह भाजपा को राजनीतिक फायदा उठाने से रोक सकते हैं। राहुल गांधी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग इसीलिए कर रहे थे कि वह संसद में यही सब सवाल पूछते जो संसद के बाहर पूछ रहे हैं। सरकार ने संसद संत्र नहीं बुलाया है तो इसलिए कि भारत व पाकिस्तान के बीच कोई युध्द नहीं हुआ है। भारत व पाकिस्तान के बीच पहले की तरह लंबा युध्द हुआ होता तो जरूर युध्द के दौरान संसद का सत्र बुलाती और देश व विपक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराती। भारत व पाकिस्तान के बीच युध्द तो हुआ नहीं है, मोदी सरकार मानती है कि उसने आपरेशन सिदूर चलाया है आतंकियों को मारने के लिए। आतंकी पाकिस्तान में थे इसलिए पाकिस्तान में जहां आतंकी थे, उसी जगह को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान को बता दिया गया कि यह पाकिस्तान पर हमला नहीं है,यह आतंकियों पर हमला है। आतंकियों पर हमला कर मारना कहीं भी युध्द नहीं माना जाता है। अमरीका ने लादेन के पाकिस्तान में घुसकर मारा तो क्या वह पाकिस्तान के खिलाफ युध्द माना गया था,नहीं माना गया था



पाकिस्तान ने अमरीका के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई नहीं की थी। इजराइल हमास पर हमला कर आतंकियों को मार रहा है तो उसे भी कायदे से युद्ध नहीं कहा जा सकता। युध्द तो दो देशों के बीच होता है। जैसे रूस व यूक्रेन के बीच हो रहा है।पीएम मोदी का मानना है कि यह युग युध्द का नहीं है लेकिन वह यह भी मानते हैं कि यह समय आतंकवाद का भी नहीं है। जो सिंदूर मिटाएगा उसे भारत मिटा देगा, मिट्टी मे मिला देगा। आपरेशन सिंदूर आतंकवादियों को मिट्टी मे मिलाने का आपरेशन है, यह पाकिस्तान के खिलाफ युध्द नहीं है। इसके बारे में विपक्ष को देश को सेना के अधिकारियों ने सब बता दिया है, सर्वदलीय बैठक में दो बार रक्षा मंत्री व गृहमंत्री ने जो भी बताने लायक है, सब बता दिया गया है। आपरेशन सिंदूर आतंकियों के खिळाफ आपरेशन है, भारत इसे आपरेशन मानता है, यह जारी है और जारी रहेगा। पाकिस्तान को इसके जवाब में भारत पर सैन्य कार्रवाई करना है तो कर सकता है और भारत उसको हमेशा जवाब देने को तैयार है। मुंहतोड़ जवाब दिया है और भविष्य में मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है।

(विश्व भूख दिवस विशेष 28 मई 2025)

# भूख की तकलीफ और दर्द को कभी हम समझ पाये

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



दुनिया में करोड़ो लोग हर दिन भूख की तकलीफ़ को जीते हैं, बढ़ती उम्र, शारीरिक कमजोरी, गंभीर बिमारी, दिव्यांगता, अनाथ बेसहारा या कोई भी मजबूरी हो, जब तक आखिरी सांस है, तब तक भूख मिटाने के लिए अनाज चाहिए। केवल दो वक्त की रोटी के जद्दोजहद में ही न जाने कितनो की जिंदगी गुजर जाती है। दुनिया में हर कोई अपने हिस्से का भरपेट अन्न प्राप्त नहीं कर पाता है, अब तो अन्न में पोषक तत्वों की भारी कमी भी बड़ी समस्या है। भूख की कीमत बहुत छोटीसी है, लेकिन फिर भी विश्व में बहुत बड़ा वर्ग इस कीमत को भी नहीं चूका पाता। दो वक्त की रोटी और परिवार के भरणपोषण के लिए मनुष्य लगातार संघर्ष करता है। भूख के कारण कई मासूम जिंदगियां कम उम्र में ही जान गंवाती है। अमीर का भोजन महंगा और गरीब का भोजन सस्ता हो सकता है परंतु भूख सबकी एक होती है, भले ही पैसा, पद, देश, प्रतिष्ठा, रंग-रूप, ऊंच-नीच, धर्म-जात कोई भी हो परंतु भूख में अंतर नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध है उनको अन्न के मूल कीमत का ज्ञान नहीं होता, वें केवल पैसे से उसका दाम लगाते है, इसलिए शायद खाद्य बर्बादी में हमारा देश विश्व में दूसरे क्रमांक पर आता है। जिनके पास भरपूर मात्रा में भोजन के विभिन्न पर्याय उपलब्ध है, वे स्वाद अनुरूप थोडासा खाना खाकर बाकी बचा हुआ अन्न सहजता से फेंक देते है। किसी भी कारणवश जिस दिन हमें भूख लगने पर भी भोजन नहीं मिलता, उस दिन रूखी-सुखी रोटी की भी अहमियत दुनिया की बड़ी दौलत नजर आती है। भोजन की कमी के कारण बहुत बड़ी जनसंख्या नरकीय यातनाओं में जीवन बसर करती है। जन्म से ही भोजन की कमी के कारण बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं होता, संघर्षमय जीवन तभी से शुरू हो जाता है, जिम्मेदारियों का बोझ मासूम कंधो पर आ जाता है, इन जिम्मेदारियों के आगे उनके अधिकार, न्याय, समानता भी बौने प्रतीत होते है। बच्चे से उसका बचपन और मासूमियत छीन ली जाती है, भविष्य अंधकारमय लगता है। अन्न की कमी से जूझते हुए लोग मजबूरी में बद से बदतर स्थिति का सामना करते है, जो मिले वो खाने को तैयार होते है, लोगों की जूठन, कूड़ा, घासपुस यहाँ तक की मिट्टी तक खाते है, हैती देश में गरीब लोग मिट्टी की रोटी बनाकर खाते है। भूख सीधे हमारे स्वास्थ्य पर असर करती है, इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान झेलने पड़ते है। भूख इंसान से गुनाह तक करवाती है। हर साल 28 मई को "विश्व भूख दिवस" दुनियाभर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। इस साल 2025 की थीम "हर कोई खाने का हकदार है" यह है। यह थीम प्रत्येक के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। विश्व में सभी लोगों को खाने के लिए पर्याप्त भोजन उगता है, अर्थात कोई भूखा नहीं रहेंगा, फिर भी, बड़ी जनसंख्या पर्याप्त कैलोरी और पोषक तत्वों की कमी से झुज रही है, क्योंकि वे स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, साथ ही दूसरी ओर खाद्य बर्बादी है। हर साल, नौ मिलियन लोग भूख से संबंधित कारणों से मर जाते हैं; इनमें से कई 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। सभी बाल मृत्युओं में से आधे कुपोषण के कारण होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतों में मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि से 10 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले जाते है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक अनुसार, 18.3 प्रतिशत आबादी अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहते हैं। 83.7 प्रतिशत गरीब लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सभी गरीब लोगों में से लगभग 70.7 प्रतिशत लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।



2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के "गंभीर" स्तर को दर्शाता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न "गंभीर" भूख संकट को उजागर करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित है। बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों का प्रदर्शन अच्छा है तथा वे "मध्यम" श्रेणी में आते हैं। यूएनईपी की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2024 में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष खाद्य अपशिष्ट उत्पादकों में शामिल है, भारत में प्रति व्यक्ति घरेलू खाद्यान्न की बर्बादी प्रति वर्ष 55 किलोग्राम है, देश में विशाल जनसंख्या के कारण प्रति वर्ष कुल 78 मिलियन टन खाद्यान्न बर्बाद हो जाता है। विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति के 2024 संस्करण के अनुसार, 2023 में 713 से 757 मिलियन लोगों को भूख का सामना करना पड़ा अर्थात दुनिया में हर 11 में से एक व्यक्ति और अफ्रीका में हर पांच में से एक व्यक्ति। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2.33 बिलियन लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे है और 3.1 अरब से अधिक लोग पोषकतत्वों से भरपूर आहार खरीदने में असमर्थ है। सेव द चिल्ड्रेन इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के विश्लेषण के अनुसार, 2024 में कम से कम 18.2 मिलियन बच्चे भूख की स्थिति में पैदा हुए, अर्थात प्रति मिनट लगभग 35 बच्चे। संघर्ष और जलवायु संकट की यह स्थिति प्रत्येक वर्ष कम से कम 800,000 अतिरिक्त बच्चों को भूख की ओर धकेलेंगी।संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक भुखमरी को दुनिया से पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, यद्यपि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हो रही है, फिर भी समग्र रूप से भूख का स्तर पिछले कुछ वर्षों से स्थिर बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और आर्थिक असमानता जैसे कारक समस्या को अधिक बढ़ा रहे हैं। कंसर्न वर्ल्डवाइड के अनुसार, यदि प्रगति की वर्तमान गति जारी रही, तो भुखमरी के स्तर को कम करने में साल 2160 तक का समय लग सकता है। 2024 के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। ऑक्सफैम रिपोर्ट ने दर्शाया है कि, शीर्ष 1 प्रतिशत की आय हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि हुई है। शीर्ष 5 प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, निचले 50 प्रतिशत लोगों की आय में हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है। ऑक्सफैम इंडिया की "सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट" रिपोर्ट 2023 अनुसार, भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 2022 में 166 अरबपति हो गई है, जबकि भूख से जूझ रहे भारतीयों की संख्या 190 मिलियन से बढ़कर 350 मिलियन हो गई है। वस्तुओं और सेवाओं पर उत्पाद शुल्क और जीएसटी में काफी वृद्धि की गई है, जिसका सीधा असर अधिकतर गरीबों के हिस्से पड़ता है। भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 2024 में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ी, जिससे 204 नए अरबपति बनें। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट अनुसार, 2019-2021 में भारत में कुपोषित लोगों की संख्या 224.3 मिलियन थी, जो कुल आबादी का लगभग 16 प्रतिशत है। आज भी शादी समारोह या प्रसंगों के कार्यक्रम में लोग खूब थालियां भरभरकर भोजन लेकर फेंक देते है। वहीं दूसरी ओर कूड़े करकट में लोग खाना बीनते भी नजर आते है, यह हमारा बड़ा दुर्भाग्य है, कि अनाज संपन्न होते हुए भी देश का बड़ा हिस्सा भूख और कुपोषण से ग्रस्त है। पोषकतत्वों से भरपूर शुद्ध आहार, पानी पर प्रत्येक का अधिकार है, परंतु आर्थिक परिस्थिति के कारण संभव नहीं हो पाता, परंतु मानवता के नाते हर संपन्न व्यक्ति इसके लिए कोशिश करें तो भरपेट भोजन सबके लिए संभव है। हर हाथ को काम मिले तो स्थिति बदल सकती है। भूख की तकलीफ हम सबने समझनी होगी, तभी हर सांस को अन्न की आस पूरी होगी।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में कोई काम करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप वाद-विवाद में न पड़े, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते में दरार पैदा हो सकती हैं। आप किसी संपत्ति की खरीदारी की योजना बना सकते हैं। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आर्थिक मामलों में आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका कोई रुपए पैसे से जुड़ा मामला सुलझ सकता है। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उसमे उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आप अपनी सेहत के प्रति थोड़ा सचेत रहें। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी अधिक रहने से टेंशन बनी रहेगी। आपको किसी काम को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ना है, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या आ सकती है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी और कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा। आपका कोई मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। राजनीति में आप थोड़ा ध्यान देकर ही कामों को करें, क्योंकि आपके आसपास आपके विरोधी हो सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आपको सामाजिक कामों में भाग लेने का मौका मिलेगा। बिजनेस में आपकी इनकम बढ़ेगी। काम के सिलसिले में आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी और आपको किसी नए काम की शुरुआत करना भी अच्छा रहेगा। उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। सरकारी योजनाओं में धन लगाना बेहतर रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं। परिवार में यदि किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आप अपने बिजनेस के किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आप कोई भी काम जल्दबाजी में न उठाएं और कोई निर्णय आपको बहुत ही सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आप काम को लेकर धन लगाने की सोच सकते हैं, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थियों को काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपके बिजनेस की योजनाएं आपको कोई बेहतर लाभ देगी। आपको यदि कोई चिंता चली आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। जमीन जायदाद से जुड़ा मामला सुलझेगा। अध्ययन में अध्यात्म के प्रति आपकी खूब रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को भी पूरा करना पड़ सकता है। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिर दर्द बन सकता है, जिसके निपटाने के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरे की आवश्यकता होगी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपने व्यवसाय में लगे रहेंगे। आप किसी तकनीकी समस्या के कारण परेशान रहेंगे। पैतृक संपति को लेकर कोई विवाद खड़ा हो सकता है, जो कानूनी हो सकता है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और आपको काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालना होगा। काम को लेकर इस महीने आपको टेंशन बनी रहेगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। माता-पिता या भाई बहनों को आपको पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। आप कुछ नया करने की सोच सकते हैं। आपको किसी से किए हुए वादे को पूरा करने में समस्या आ सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कामों को धैर्य में साहस व निपटाने की आवश्यकता है। आप किसी नए वाहन को खरीदने के लिए कोई लोन भी ले सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अच्छे व मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। परिवार में यदि सदस्यों में किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर हो सकती है। आप किसी योजना में बदलाव करने की सोच सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए अपने कामों को निपटाना होगा। आप किसी भी विरोधी की बातों में ना आए। अविवाहित जातकों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी भौतिक शुभ सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी बात को लेकर टेंशन चल रही है, तो आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर आपको पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका धन यदि कहीं डूबा हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# तेज प्रताप की प्रेम लीला पर चला लालू का सियासी चाबुक

अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार



बिहार की राजनीति एक बार फिर से उस मोड़ पर आ गई है जहां निजी रिश्ते, पारिवारिक कलह और सत्ता की लड़ाई एक-दूसरे में उलझती नज़र आ रही हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मुखिया और बिहार के कद्दावर नेता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह फैसला जितना चौंकाने वाला है, उतना ही बिहार की राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालने वाला भी साबित हो सकता है। तेजप्रताप का राजनीतिक जीवन हमेशा से विवादों में रहा है, लेकिन इस बार मामला निजी रिश्तों से शुरू होकर सार्वजनिक शर्मिंदगी, पार्टी अनुशासन और संवैधानिक संकट तक जा पहुंचा है। तेज प्रताप यादव ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक युवती के साथ अपनी कथित शादी की तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में दोनों शादी के जोड़े में नजर आ रहे थे, और इसके साथ ही उन्होंने एक भावुक पोस्ट में लिखा कि यह प्रेम कहानी 12 साल पुरानी है और अब उन्होंने इसे शादी के बंधन में बदल दिया है। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया, राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई और मीडिया में तेज प्रताप की 'गुप्त शादी' की चर्चा हर ओर होने लगी। लेकिन कुछ ही घंटों बाद तेज प्रताप ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था और ये तस्वीरें फर्जी थीं, एडिट की गई थीं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि तस्वीरें कहां से आई, किसने बनाई, और उनका अनुष्का यादव से क्या संबंध है। तेजप्रताप की सफाई ने विवाद को थमाया नहीं, बल्कि उसे और गहरा कर दिया। सोशल मीडिया पर पहले ही उनके अनुष्का यादव के साथ पुराने वीडियो और तस्वीरें वायरल हो चुकी थीं। इनकी पुष्टि करने वाली कई खबरें आने लगीं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि दोनों ने कुछ साल पहले आर्य समाज मंदिर में शादी की थी और अनुष्का अब कानूनी रूप से उनकी पत्नी होने का दावा कर सकती हैं। दूसरी ओर, तेज प्रताप का अपनी पहली पत्नी ऐश्वर्या राय से तलाक का मामला अब तक अदालत में लंबित है। ऐश्वर्या, पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रिका राय की बेटी हैं। ऐसे में तेज प्रताप की दूसरी शादी वैध नहीं मानी जा सकती। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत जब तक पहली पत्नी से तलाक नहीं हो जाता, तब तक दूसरी शादी अपराध मानी जाती है, जो तेज प्रताप की विधायकी को भी संकट में डाल सकती है। लालू प्रसाद यादव ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और तेज प्रताप को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इस फैसले को उन्होंने पार्टी और परिवार की गरिमा के लिए जरूरी बताया। लालू यादव ने कहा कि तेज प्रताप की गतिविधियों से न सिर्फ पार्टी की साख पर असर पड़ा है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की राजनीति के मूल्यों के भी खिलाफ है, जिसके लिए आरजेडी दशकों से लड़ती रही है। लालू प्रसाद यादव के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि वह अपनी राजनीतिक विरासत को तेज प्रताप के बजाय तेजस्वी यादव को सौंपना चाहते हैं और तेज प्रताप के अनियंत्रित बयानों, व्यवहार और विवादों से अब वे पूरी तरह तंग आ चुके हैं। इस फैसले ने राजनीतिक रूप से भी कई नई संभावनाओं को जन्म दिया है। बीजेपी और जेडीयू जैसे विरोधी दलों ने इस मौके को हाथों-हाथ लिया और लालू परिवार की कलह पर तीखी टिप्पणियां कीं। जेडीयू के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि यह पूरा मामला जनता को भ्रमित करने और सहानुभूति बटोरने की कोशिश है। उन्होंने लालू परिवार पर सत्ता के लिए ड्रामा रचने का आरोप लगाया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि तेज प्रताप का आचरण 'जंगलराज' की याद दिलाता है, जो बिहार में लालू राज का प्रतीक रहा है। इन बयानों से स्पष्ट है कि विपक्ष इस मुद्दे को 2025 के विधानसभा चुनावों तक जिंदा रखना चाहता है।



तेज प्रताप के पार्टी से निष्कासन ने उनके भाई और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की भूमिका को भी केंद्र में ला दिया है। तेजस्वी यादव इस समय आरजेडी के सबसे मजबूत और सर्वस्वीकार्य नेता माने जाते हैं। वे विपक्ष के नेता हैं और अगली बार मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार भी। तेजस्वी ने इस मामले में साफ कहा कि पार्टी किसी भी तरह की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उनका यह रुख न केवल उनके नेतृत्व कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि वह पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत कर चुके हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तेज प्रताप को तेजस्वी की बढ़ती लोकप्रियता और संगठनात्मक पकड़ से असुरक्षा महसूस होने लगी थी, और यही कारण था कि वे बार-बार मीडिया और सोशल मीडिया पर ऐसे बयान और हरकतें कर रहे थे जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा। तेज प्रताप की राजनीतिक यात्रा शुरू से ही अजीबो-गरीब रही है। 2015 में जब आरजेडी-जेडीयू-कांग्रेस का महागठबंधन बना और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने, तो तेज प्रताप को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। लेकिन उनके विभागीय कार्यशैली, अपरिपक्व बयानों और विवादित पहनावे की वजह से वे लगातार सुर्खियों में रहे। उन्होंने खुद को 'कृष्ण' कहा, तो कभी गाय चराने और जंगलों में योग करने की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने अपनी ही सरकार के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और बार-बार अपने भाई तेजस्वी से भी टकराव की स्थिति बना ली। 2020 में उन्होंने हसनपुर से चुनाव लड़ा और जीते, लेकिन पार्टी के भीतर उनकी भूमिका गौण होती चली गई। तेजप्रताप की यह ताज़ा हरकत उनके राजनीतिक करियर के लिए शायद सबसे बड़ा संकट बनकर सामने आई है। पार्टी से निष्कासन के बाद न तो वे चुनाव लड़ सकते हैं, न ही किसी पद की उम्मीद कर सकते हैं। उनके समर्थन में अभी तक पार्टी के किसी बड़े नेता ने कोई बयान नहीं दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे संगठन में पूरी तरह अकेले पड़ चुके हैं। दूसरी ओर, यह विवाद अगर कानूनी मोड़ लेता है, तो उन्हें अपनी विधायकी से भी हाथ धोना पड़ सकता है। बिहार की राजनीति में यह पहला मौका नहीं है जब किसी पिता ने अपने ही बेटे को पार्टी से बाहर निकाला हो। इससे पहले समाजवादी पार्टी में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला था, जब मुलायम सिंह यादव ने अपने बेटे अखिलेश यादव को पार्टी से बाहर करने की घोषणा की थी। लेकिन कुछ ही महीनों में अखिलेश ने पार्टी की कमान संभाल ली और अब वे सपा के निर्विवाद नेता हैं। हालांकि तेज प्रताप की स्थिति अखिलेश जैसी नहीं है, क्योंकि न तो उनके पास संगठन पर नियंत्रण है और न ही जनाधार। लालू परिवार में भी यह स्पष्ट हो चुका है कि अब राजनीतिक उत्तराधिकार तेजस्वी को ही मिलेगा। यह पूरा विवाद उस समय सामने आया है जब बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विपक्षी दलों की एकजुटता, जातिगत जनगणना, रोजगार, शिक्षा और महंगाई जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में तेज प्रताप का यह प्रकरण आरजेडी की रणनीति को कमजोर कर सकता है। तेजस्वी यादव को अब न सिर्फ जनता, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों को यह भरोसा दिलाना होगा कि पार्टी पूरी तरह अनुशासित है और उसका नेतृत्व स्थिर और जिम्मेदार हाथों में है। तेज प्रताप यादव की कथित प्रेम कहानी और उस पर फैला विवाद एक व्यक्ति की निजी जिंदगी से निकलकर पूरे राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। यह दिखाता है कि किस तरह एक नेता का निजी आचरण और सार्वजनिक छवि आपस में जुड़ी होती है और किस तरह राजनीति में पारिवारिक कलह एक पूरी पार्टी की साख को प्रभावित कर सकती है। लालू प्रसाद यादव ने इस बार सख्ती दिखाकर यह संकेत दे दिया है कि अब वे पार्टी को एक नया रूप देना चाहते हैं, जिसमें अनुशासन, नैतिकता और नेतृत्व क्षमता को प्राथमिकता दी जाएगी। तेज प्रताप के लिए यह न केवल एक चेतावनी है, बल्कि उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी चुनौती भी। अब यह देखना बाकी है कि वे इस संकट से उबरने की कोई कोशिश करते हैं या खुद को हाशिए पर धकेलते चले जाते हैं। बिहार की जनता, राजनीतिक पर्यवेक्षक और विरोधी दल सभी इस घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं, क्योंकि इसका असर आने वाले चुनावों और राज्य की राजनीति पर पड़ना तय है।

# पेयजल संकट पर विधायक लखेश्वर बघेल का अल्टीमेटम जुलाई तक समाधान नहीं हुआ तो करेंगे भूख हड़ताल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 28 मई।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामवासियों ने आज क्षेत्र में व्याप्त भीषण जलसंकट के खिलाफ एकजुट होकर जिला कार्यालय कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया यह प्रदर्शन बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में हुआ, जिनके साथ ग्रामीणों ने लंबी रैली निकालते हुए जगदलपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक मार्च किया प्रदर्शनकारियों के हाथों में पानी की समस्या को दर्शाने वाले बैनर-पोस्टर,कावड़, हंडी, गुंडी, और सभी लोग जोरदार नारेबाजी कर रहे थे रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी समर्थन प्रकट किया, जिससे यह आंदोलन और अधिक प्रभावशाली बन गयाविधायक लखेश्वर बघेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बस्तर के ग्रामीण इलाकों में महीनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है आज का यह घेराव ग्रामीणों की पीड़ा की आवाज़ है, जिसे प्रशासन तक पहुंचाना बेहद ज़रूरी था बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा की बस्तर क्षेत्र में जारी गंभीर पेयजल संकट को लेकर आज विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने प्रशासन को कठोर चेतावनी दी जिला मुख्यालय में अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि आगामी जुलाई माह तक क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं की जाती है, तो वे जनहित में भूख हड़ताल पर बैठने के लिए बाध्य होंगे और शासन-प्रशासन इसका जिम्मेदार होगा रैली के दौरान श्री बघेल की नजर एक छोटे बच्चे पर पड़ी जो नंगे पाँव चल रहा था गर्मी और कठिन रास्ते के बावजूद बच्चा रैली में सहभागी बना हुआ था यह दृश्य विधायक को भावुक कर गया और उन्होंने तत्काल पास की दुकान से उसके लिए जूते मंगवाए और उसे पहनाए इस मानवीय कदम की प्रशंसा उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से की और इसे नेतृत्व की सच्ची भावना बताया श्री बघेल ने कहा, बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी हमारी जिम्मेदारी है यह सिर्फ एक जोड़ी जूते नहीं, बल्कि सम्मान और देखभाल का प्रतीक है इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद रहे जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस,माता बहनें, बुजुर्ग, ग्रामवासीगण उपस्थित रहे

## एक नजर

### जिले में अवैध तेंदूपत्ता खरीदी धड़ल्ले से चल रही, कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं

**सुकमा, 28 मई।** जिले में अवैध रूप से तेंदूपत्ता की खरीदारी भरमार चल रही है।आपको बता दें कि इस वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता यानी बस्तर की हरी सोना को ठेकेदारी प्रथा को बंद करते हुए सरकार ने ही हरे सोना की खरीदी की गई दरअसल मौसम की मार के चलते सरकार ने 2-3 दिन ही खरीदी कर बंद कर दी गई।लेकिन तेंदूपत्ता संग्राहकों की तेंदूपत्ता उनके पास भारी संख्या में हरे सोना की बचत हो गई जिसके चलते अवैध तेंदूपत्ता खरीदी करने वाले दल्लों की हौसला बुलंद हो गई जहां संग्राहकों से कम दर में तेंदूपत्ता खरीदी कर पड़ोसी राज्य आन्द्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, तेंदूपत्ता को परिवहन कर अवैध कारोबारियों ने सरकार की राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।उधर अगर बात करें फारेस्ट विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।प्रदेश सचिव दुर्गेश राय ने वन मंडल अधिकारी को लिखित आवेदन पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि कोण्टा एवं दोरनापाल क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से तेंदुपत्ता फड़ इन जगहों पर संचालित किया जा रहा है, मनीकोण्टा,बोड़ेगुड्डा, गमापाड़, बुरदागुडा, नेड्रा आदि जगह मे अवैध फड़ लगाकर लाखो रूपये का नुकसान सरकार का किया जा रहा एवं पूरा तेंदु पत्ता अनलिगलतरीका से पडोसी राज्य ओड़िसा ले जाया जा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ सरकार का राजस्व मे नुकसान हो रहा है।अधिकारी को लिखित आवेदन में अवगत करते हुए कहा है कि ऐसे अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए त्वरित कार्रवाई किया जाना चाहिए।देखना होगा कि आवेदन अवगत के बाद अधिकारियों द्वारा अवैध तेंदूपत्ता कारोबारियों पर कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### वट सावित्री पर्व पर मां कालरात्रि के जयकारों से गूंजा बचेली का पुराना मार्केट




**बचेली, 28 मई।** बचेली वट सावित्री के पावन पर्व पर काली मंदिर पुराना मार्केट में भक्तों के जयकारों से बचेली नगर का वातावरण भक्ति मय में रंग गया काली मंदिर के पुजारी दिलीप विश्वास ने पारम्परिक तरीके से पहले पाडापुर भक्तों के साथ जाकर कलश में जल भरकर काली मंदिर पुराना मार्केट में बाजे गाजे के साथ माता का जयकारा करते हुए लाया गया पूरे रास्ते भक्तों ने मां कालरात्रि मां श्मशान वासनी और मां काली के जयकारों से वातावरण को भक्ति मय में परिवर्तित कर दिया इस पावन मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजू जयसवाल ने अपनी पत्नी के साथ माता के दरबार में पूजा अर्चना की इस पावन मौके पर काली मंदिर के परिवार की तरफ से भण्डारे का आयोजन किया गया था जिसमें नगर के नागरिक उपस्थित हुए इस मौके पर काली मंदिर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का किया भ्रमण, प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की

**कांकेर 28 मई ।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज कांकेर के सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेरेरिज्म एंड जंगलवार फेयर' महाविद्यालय में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी ली। इस दौरान जवानों के अभ्यास का लाइव डेमो देखा और उनका उत्साहवर्धन किया।

### सौंपा ज्ञापन



**कांकेर।** शासकीय उन्मुक्त खेल मैदान नरहरपुर में अवैध रूप से निजी बोरखानन के विरोध में दिया गया तहसीलदार को ज्ञापन। उन्मुक्त खेल मैदान नरहरपुर में निजी रूप से बोर खनन किया गया था जिसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के द्वारा तहसीलदार नरहरपुर को ज्ञापन देकर उस पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर उचित निर्णय के लिए कहा गया जिसमें मुख्य रूप से सरजू शोरी, रोहिदास शोरी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर , श्री मति प्यारी सलाम अध्यक्ष नगर पंचायत नरहरपुर, दिनेश पटेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत नरहरपुर, श्रीमती सावित्री संजना वट्टी जिला पंचायत सदस्य कांकेर, मोती साहू जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कांकेर, टकेश सिन्हा ब्लॉक महामंत्री नरहरपुर, संतराम मरकाम पूर्व जनपद सदस्य नरहरपुर, कमलेश कमरा, एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### राज्यपाल ने गौशाला का किया लोकार्पण



**कांकेर, 28 मई ।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कांकेर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गौशाला का लोकार्पण किया और महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आए स्व-सहायता समूह के महिलाओं ने अपने समूह के कार्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अच्छा कार्य कर रही हैं। इसी तरह मेहनत से कार्य करें और आगे बढ़ें। उन्होंने बकरी पालन को लाभकारी बताते हुए इस कार्य को बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना सुनीता के लिए मुश्किल वक्त का सहारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 28 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का यह महत्वाकांक्षी योजना जिले के आदिवासी बहुल छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुकानार की ग्रामीण महिला श्रीमती सुनीता नाग के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत इन प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग उनके बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है।राज्य शासन की इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम कुकानार निवासी श्रीमती सुनीता ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि मेरे लिए हर तरह से उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे बहुत ही साधारण ग्रामीण परिवार की घरेलू महिला है। उनका परिवार थोड़ी बहुत खेती-किसानी एवं मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह राशि प्राप्त होने के पहले अपने बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि प्रबंध करने में बहुत कठिनाई होती थी। वे और उनका परिवार बहुत मुश्किल से अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए पैसे का प्रबंध कर पाते थे। लेकिन अब प्रतिमाह महतारी वंदन योजना अंतर्गत उनके खाते में 1 हजार रुपये की राशि जमा होने से उनके बच्चे के पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि का प्रबंध हो जाता है। इस तरह से महतारी वंदन योजना लागू होने से उनके एवं उनके परिवार की बहुत बड़ी चिंता दूर हुई है। इसके साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पीएम आवास और शौचालय निर्माण योजना का लाभ मिल गया है। शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर वे अपने परिवार के साथ बहुत ही खुशहाल जीवन जी रही हैं।श्रीमती सुनीता नाग ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रसंशा करते हुए इसे अपने जैसे अनेक जरूरतमंद महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना को मुश्किल वक्त का सहारा बताया है। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मुझे मिल रहा है। इसके लिए सुनीता नाग ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

## एक इनामी समेत दो सक्रिय माओवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 28 मई।** दोनों नक्सली के विरूद्ध घटना के संबंध में थाना जगरगुण्डा में पूर्व से हत्या का प्रकरण दर्ज है।गिरफ्तार दोनों नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम गोंदपल्ली के निवासी है।नक्सलियों को गिरफ्तार करने में थाना जगरगुण्डा पुलिस बल, डीआरजी सुकमा एवं कैम्प बेदरे 165 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई रही।जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, मुखबिर के आसूचना पर 25 मई 2025 को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के हमराह जिला बल एवं डीआरजी बल एवं कैम्प बेदरे से 165 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन/नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम गोंदपल्ली व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम गोंदपल्ली में घेराबंदी की गई।थाना जगरगुण्डा के प्रकरण में फरार चल रहे, 02 नक्सली1 पुनेम लिंगा पिता पुनेम सोमा (मंडीमरका आरपीसी डीकेएमएस अध्यक्ष ईनाम 02 लाख) उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी गोंदपल्ली रेंगापारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) एवं 02. डोडी गंगा पिता डोडी सोमा(मंडीमरका आरपीसी डीकेएमएस सदस्य) उम्र 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम गोंदपल्ली पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) को पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों आरोपी जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत 13.09.2024 को ग्राम गोंदपल्ली के 01 ग्रामीण को ग्रामीणों की बैठक लेकर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर लकड़ी के डण्डे से पीट-पीट कर गले में रस्सी से गला घोटकर हत्या करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे है। घटना के संबंध में पूर्व से थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 24/2024 धारा 190, 191(2), 140, 103 (1) भारतीय न्याय संहिता, 25 आर्म्स एक्ट, 38, 39, 16 (क) विधि विरूद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उपरोक्त घटना में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रविवार 25 मई 2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर विशेष माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेल भेजा गया।

## प्रत्येक माह के अंत तक राशन का भंडारण तथा प्रत्येक 10 तारीख उसका वितरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 28 मई ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम पीडीएस प्रणाली के तहत प्रदाय राशन सामग्री के सुव्यवस्थित संचालन एवं भण्डारण को पुख्ता करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के समस्त पीडीएस दुकानों फिर वह चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हर माह के 30 तारीख तक सामग्रियों के भण्डारण एवं माह के 10 तारीख तक उसका वितरण हर हाल में सुनिश्चित हो जाना चाहिए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए है। इसके अलावा स्टोर की गई उपभोक्ता सामग्रियों की गुणवत्ता का ध्यान में रखते हुए उसका भण्डारण भी सुरक्षित स्थान में किया जाएं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अनुविभाग में पीडीएस दुकानों की क्रमवार वितरण और भण्डारण की नियमित रूप से समीक्षा कर जिला कार्यालय को रिपोर्टिंग करें। एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के सफल संचालन के लिए जारी हुए निर्देशबैठक में कलेक्टर ने आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है इसमें जन सहभागिता, अंतरविभागीय समन्वय और महत्वपूर्ण घटक होगें। इस अभियान के तहत प्रमुख रूप से विद्यालयों, महाविद्यालयों में गठित इकोक्लब्स के माध्यम से 5 जून से 30 सितंबर तक गहन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, जल शक्ति अभियान स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रमुख कार्यक्रमों को भी इस अभियान के अनुसार संरेखित करने का प्रयास किया जाएगा इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन, जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। वृक्षारोपण के चिन्हित स्थानों के अंतर्गत विद्यालय शिक्षण संस्थानों के प्रांगण, नगर वन, पार्क, राष्ट्रीय एवं राज्य पथ प्रमुख सड़कें, जल संरचना, कैचमेन्ट एरिया, नदी तट, अमृत सरोवर आदि सम्मिलित रहेगें। इस अभियान में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी शामिल रहेगें। इसके लिए कलेक्टर ने लक्ष्य का निर्धारण कार्य योजना निर्माण, सभी वृक्षारोपण गतिविधियों के अभिलेखीकरण के साथ-साथ वृक्षारोपण का डेटा जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए जाने के संबंध में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया।इसके साथ ही समय सीमा बैठक में आत्मसमर्पित नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास एवं उन्हें रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़ने एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए कहा कि ÷जिस दिन कोई व्यक्ति आत्मसमर्पण करता है, उसी दिन से उसे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की जा रही है। इनमें राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। समय सीमा बैठक में इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण हितग्राहियों को चिन्हित करने, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के अन्तर्गत 17 विभागों द्वारा हितग्राहियों के संतृप्तिकरण के तहत किए जाने वाले कार्यों, पंचायतों में पर्यटन की दृष्टि से होम स्टे के संचालन हेतु हितग्राहियों के चयन, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस संचालन योजना के संबंध में भी विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गौरव यात्रा निकाली




**सुकमा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता ने संपूर्ण भारतीय समाज को गौरवान्वित किया है। हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए देश की रक्षा और सम्मान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। वर्तमान केन्द्र सरकार के कुशल नेतृत्व, दूरदृष्टि व सुदृढ़ संकल्प शक्ति के कारण वैश्विक जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर समाज का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति आभार, सम्मान एवं स्वागत-वंदन की भावना को जन-जन तक पहुँचाए तथा सैनिकों के उत्साहवर्धन में अपनी भागीदारी निभाए। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, जिला सुकमा ।जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों को निर्देशित किया जाए कि वे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान, स्वागत-वंदन एवं आभार प्रकट करने हेतु विशेष कार्यक्रम, संगोष्ठी, रैली, सम्मान समारोह आदि का आयोजन किया।भारतीय सेना के प्रबल पराक्रम, शौर्य एवं अदम्य साहस के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में माँ भारती के वीर सैनिकों को धन्यवाद देने तथा उनका अभिनन्दन करने हेतु राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला- सुकमा द्वारा मातृशक्ति के नेतृत्व में विशाल सभा एवं रैली का आयोजन किया गया है।

## एर्राबोर में समाधान शिविर आयोजित




**सुकमा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिला के कोंटा विकासखण्ड के ग्राम एर्राबोर मेँ सुशासन तिहार के अंर्तगत समाधान शिविर अपने अंतिम पड़ाव की ओर है ,जिसमें उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों नें आकर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के सम्बंध में बताया।एर्राबोर समाधान शिविर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मैंने कहा कि शासन की योजना जन जन तक पहुंचे यह उद्देश्य है छत्तीसगढ़ के लाडले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शासन की इन सभी योजनाओं को मूर्तरूप देने में अनियमितता बरतने वालों को बख्सा नहीं जाएगाशिविर में आज जिले के लगभग 28 विभागों के अधिकारी,कर्मचारी स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का पंजीयन किया गया व उन्हें विस्वास दिलाया कि आने वाले दिनों में उनकी समस्याओं का निराकरण निश्चित तौर पर होगा।

## शासकीय दस्तावेज के लिए जन्म और मृत्यु पंजीयन अनिवार्य

**सुकमा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय कार्यालयों और प्रक्रियाओं में शामिल होने के लिए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रशासकीय दस्तावेज के रूप में अनिवार्य है। इसलिए आम नागरिकों को मुख्य रजिस्ट्रार के द्वारा किसी शिशु के जन्म लेने पर अथवा किसी व्यक्ति के मृत्यु हो जाने पर वैध प्रमाण पत्र बनाने हेतु अनुरोध किया गया है।

**जन्म पंजीयन की प्रक्रिया**-शिशु के जन्म के 21 दिन के भीतर निःशुल्क किया जाता है। शासकीय अस्पताल में प्रसव होने पर डिस्चार्ज के पूर्व जन्म पंजीयन उसी संस्थान में बनेगा। निजी अस्पताल, घर, अन्य स्थान में जन्म होने पर पंजीयन हेतु नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत या ग्राम पंचायत में सूचित करना है। शिशु के नाम के बिना भी जन्म पंजीयन कराया जा सकता है। जन्म पंजीयन के 12 माह के भीतर शिशु का नाम निःशुल्क जोड़ा जाएगा। जन्म पंजीयन करने के बाद प्रमाण प्रत्र लेना अनिवार्य है।

**जन्म पंजीयन के लिए अनिवार्य दस्तावेज**-माता एवं पिता के पहचान का प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) और निवास के प्रमाण पत्र (बिजली बिल, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि)

**मृत्यु का पंजीयन**-मृत्यु के 21 दिन के भीतर निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। शासकीय अस्पताल में मृत्यु होने पर डिस्चार्ज के पूर्व मृत्यु पंजीयन उसी संस्थान में करायें। निजी अस्पताल, घर, अन्य स्थान में मृत्यु होने पर पंजीयन हेतु नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत या ग्राम पंचायत में सूचित करना है। मृत्यु का पंजीयन कराने के पश्चात प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आश्रितों हेतु सरकारी सुविधाओं, बैंक, बीमा दावों के भुगतान हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।

मृत्यु के पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेमृतक का पहचान प्रमाण पत्र(आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) मृत्यु का स्थान एवं मृत्यु तिथि (चिकित्सक द्वारा प्रमाणित पत्र या पंचनामा)जन्म या मृत्यु के पंजीयन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, नवा रायपुर में संपर्क किया जा सकता है।

## वार्ड 7, 8, 9 में नाला सफाई अभियान सफल,दीपक नेताम की पहल रंग लाई

**सुकमा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 07, 08 और 09 के नागरिकों को आज बड़ी राहत मिली जब वर्षों से जलनिकासी में बाधा बने पुराने नाले से एक विशाल लकड़ी को सफलतापूर्वक हटा लिया गया। यह कार्य निर्दलीय पार्षद दीपक नेताम के निरंतर प्रयास, जनप्रतिनिधियों के सहयोग और प्रशासन की सक्रियता से संभव हो सका।यह समस्या 7 मार्च 2024 से चली आ रही थी, जब बारिश के मौसम में पुराने नाले में एक बड़ा पेड़ आकर फंस गया था। इस अवरोध के कारण पूरे क्षेत्र में बारिश के समय जलभराव, गंदगी और बदबू जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। वार्डवासियों ने इसे निकालने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली।इस विषय को लेकर पार्षद दीपक नेताम लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व, वर्तमान अध्यक्ष और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा और समस्या को प्राथमिकता देने की मांग की। इस दौरान कई बार जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा आवेदन दिए गए, बैठकें हुईं और स्थिति का जायजा भी लिया गया।दीपक नेताम ने अपने प्रयासों के माध्यम से अधिकारियों पर सकारात्मक दबाव बनाए रखा और समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका प्रशासन को कार्रवाई के लिए बाध्य किया। अंततः आज नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अभियान चलाकर नाले में फंसी लकड़ी को सफलतापूर्वक निकाल लिया।समस्या के समाधान के बाद वार्डवासियों के चेहरों पर स्पष्ट रूप से राहत और संतोष देखा गया। नागरिकों ने कहा कि यह कार्रवाई न सिर्फ वर्षों से लंबित समस्या का अंत है, बल्कि आगामी बरसात में जनजीवन को सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम भी है।दीपक नेताम ने इस अभियान की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं अपने आस-पास के सम्माननीय नागरिकों का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे बार-बार मेरे कर्तव्यों का स्मरण कराया। यह जनसहयोग और जनप्रतिनिधित्व का उत्तम उदाहरण है।स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद, सफाई कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की और इसे सामूहिक प्रयासों की सफलता बताया।

# समाधान शिविर में योजनाओं की राशि,सामग्री बांटी गई



**रायगढ़, 28 मई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत रायगढ़ जिले के कबीर चौक में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी शामिल हुए।

कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर में गांव-गांव में चौपाल लगाकर आप लोगों के बीच आ रहे है ताकि आपके माँग व समस्याओं की तात्कालिक और स्थायी समाधान हो। साथ ही समाधान शिविरों में विभागों के स्टॉल लगाए जाते है जिससे नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आमजनों से सीधा संवाद स्थापित करता है। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाएं के बारे में कहा कि हमारी सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना, महतारी वंदना योजना, किसान भाइयों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रायगढ़ जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर में प्रवेश करने वाली प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे आवागमन में सुगमता आएगी। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं और यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। सर्वे सूची में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों को आवास दिया जाएगा तथा वंचितों का सर्वे कर सूची में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में नालंदा परिसर का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। किसानों के लिए पटेलपाली मंडी को हाइटेक एवं आधुनिक मंडी के रूप में विकसित किया गया है। रायगढ़ में ऑक्सीजोन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया है। यह पहल राज्य सरकार के सुशासन और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाली सहायता राशि व सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, महापौर नगर पालिक निगम श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अरूणधर दीवान, श्री सुरेश गोयल, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विवेक रंजन सिन्हा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सीएम ने 10 वीं-12 वीं के मेरिट में आने वाले जिले के 5 छात्रों को प्रदान किया लैपटाप



**रायगढ़, 28 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज सुशासन तिहार में रायगढ़ प्रवास के दौरान रायगढ़ से कक्षा 10 वीं और 12 वीं के मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले पांचों छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों की इस सफलता पर बधाई देते हुए सभी को लैपटाप प्रदान किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर श्री जीवर्धन चौहान व सभापति श्री डिग्री लाल साहू उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्रों से कहा कि आप सभी ने न सिर्फ अपने परिवार व स्कूल ही नहीं बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। इसी तरह मेहनत करते हुए आगे अपना सफल कैरियर बनाएं। आज यह लैपटाप आपको दिया जा रहा है यह आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करने व आपकी आगे की पढ़ाई आसान बनाने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिन छात्रों को लैपटाप वितरित किया। उनमें कक्षा 10 वीं की छात्रा हेमलता पटेल, आयुषी कुमारी एवं रौनित चौहान तथा कक्षा 12 वीं की छात्रा कृतिका यादव एवं तरंग अग्रवाल शामिल थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने एनएमएमएस परीक्षा में राज्य स्तर की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सरवानी खरसिया की दिया पाण्डेय को टेब देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बिरहोर महिलाओं को मुख्यमंत्री ने सौंपी पक्के आवास की चॉबी



**रायगढ़, 28 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति सहित पाँच महिलाओं को पक्के मकानों की चाबियाँ सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने धर्मजयगढ़ विकासखंड के कीदा गांव की बिरहोर जनजाति की दिलमत बाई, गुरुवारी बाई और शानीरो बाई को उनके नए आवास की चाबियाँ प्रदान कीं।इसके साथ ही रायगढ़ जिले के बनोरा गांव की गीतांजलि सिदार और कुकुर्दा गांव की गुलाबी यादव को भी आवास योजना का लाभ मिला। मुख्यमंत्री से आवास की चाबी प्राप्त कर सभी हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय और सरकार के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण और जनहितैषी योजना है। सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए आवास मिले। इसके तहत अब तक कई जरूरतमंद परिवारों को लाभ पहुंचाया गया है और छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस 2 योजना के माध्यम से शामिल करने के लिए सर्वे भी जारी है।इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल व सभापति श्री डिग्री लाल साहू उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार में सीएम ने रायगढ़ को दी 330 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**रायगढ़, 28 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ जिलेवासियों को 330 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से 24 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 220 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से 17 लोकार्पण कार्य एवं 110 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से 7 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।लोकार्पण शिलान्यास के दौरान कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद, संभागायुक्त श्री सुनील जैन, आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह विकास कार्य न सिर्फ जिले के विकास को एक नई पहचान देंगे बल्कि एक समृद्ध और विकसित रायगढ़ निर्माण के हमारे संकल्प का प्रतीक बनेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हम जिले में बुनियादी ढ़ाचे को मजबूत करें और सड़क, शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य जैसी मूलभुत सुविधाओं को निरंतर विस्तार दें।

जिन कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया गया है उनमें प्रमुख रूप से 219 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का लोकार्पण, 97.52 करोड़ रुपए की लागत से रायगढ़ में बनने जा रहे इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का भूमिपूजन तथा रायगढ़ में बने नये परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण शामिल है।

# व्यक्तित्व विकास शिविर में युवाओं को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की जानकारी दी गई



**बीजापुर,28 मई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आयोजित व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान बीजापुर जिले के भैरमगढ़, उसुर और बीजापुर ब्लॉक के युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। 23 जून से कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी 26 जून को समापन किया गया। जिसमें युवाओं को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

व्यक्तित्व विकास शिविर के आयोजन के दौरान भाजपा के बस्तर प्रभारी जी वेंकटेश्वर,भाजपा जिला अध्यक्ष घासी राम नाग ,समाज सेवक राजीव गांधी ने मां गायत्री गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा के प्रतिमा पर अक्षत फूल चढ़ाकर दीपक प्रज्वल कर व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा भेजे गए पांच परिवाजकों की टोली से कुलदीप कृष्ण भारती,लोकेश साहू , कुमारी प्रिया साहू ,कुमारी सरिता,कुमारी आस्था पटेल के माध्यम से चार दिनों तक शारीरिक प्रशिक्षण,योगा , आत्मरक्षा, समाज और राष्ट्र रक्षा के लिए सक्षम बनाने के साथ युवाओं में नैतिक ,भौतिक , आध्यात्मिक विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा गुरुकुल पद्धति का ज्ञान दिया गया। जो युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है।शिविर का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और संस्कारी बनाना, साथ ही उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ना। स्वावलंबन, व्यसन मुक्ति, परिवार निर्माण, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, सभ्य समाज निर्माण और तनावमुक्त जीवन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के महत्व पर भी बल दिया गया। व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का लाभ लेते हुए 75 भाई बहनों ने अपने जीवन को संवारने का संकल्प लेते हुए 15 भाई बहनों ने मांसाहार के साथ जीव हत्या नहीं करने तथा सौरभ पांडे चहल झाड़ी ,अथर्व बीरा, वरुण इच्छामि, वासुदेव यादव, कृष्ण यादव, जगदीश ध्रुवा,साक्षी नकका ,बिंदिया कश्यप, तनीषा गोयल ,राधिका मांडवी ,योग माया, माया भोयर, संगीता काडीयामी, योगेश्वरी यादव, साक्षी साहनी, कृति बीरा, आरती यादव, नीलम दास 19 युवाओं ने दीक्षा संस्कार और 08 युवाओं ने बाल संस्कार शाला चलने का संकल्प लिया। व्यक्तित्व युवा शिविर समापन पर पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने भी युवाओं के साथ कुछ पल बीतते युवाओं को समर्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिविर में भाग लेने वाले युवाओं के जीवन में नए उद्देश्य और दिशा का संचार किया।उनके विचारों ने राष्ट्रीय चरित्र, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के शिविरों का आयोजन संगठित भारत और समर्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 04 दिवसीय शिविर में युवाओं को भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के महत्व पर भी दिया गया जोर।कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर ट्रस्टी शंकर कुड़ियम,सहायक ट्रस्टी राम यश विश्वकर्मा, पूर्व जिला समन्वयक विजय बहादुर, समन्वयक राजा बाबू बीरा, व्यवस्थापक जेपी सिंह राजपूत युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के संतोष कुमार ,महिला प्रकोष्ठ खेमनी यादव , अर्चना सिंह, गायत्री मरकाम, रुक्मणि झाड़ी ,यामिनी साहू ,दुर्गा पुजारी ,अर्जुन वैंकू,भारत ,महेश और नार्वेद् सिंग साथ अन्य परिजन का पूरा सहयोग रहा।

### चंदखुरी में असामाजिक तत्व हावी, जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर : एस पी को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर ।** भगवान राम के ननिहाल कौशिल्याधाम धारी नगर पंचायत चंदखुरी भी असामाजिक गतिविधियों से अछूता नहीं है । असामाजिक तत्व ग्रामीणों व नगर पंचायत प्रतिनिधियों को चुनौती देते हुये जहां अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों की बिक्री कर रहे हैं वहीं जुआ होने की भी शिकायत है । आबकारी व पुलिस प्रशासन के मैदानी अमला के कथित कार्यवाही का इन पर कोई असर नहीं हो रहा है । ग्रामीणों के आक्रोश व मांग को देखते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतीक बैस के अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश डा गौरव कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह को ज्ञापन सौंप असामाजिक गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाने ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग की है । ज्ञापन की प्रति पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा को भी सौंपा गया है ।प्रदत्त ज्ञापन में बतलाया गया है कि नगर पंचायत चंदखुरी के अंतर्गत ग्राम चंदखुरी , मुनगेसर व ग्राम मुनगी का कुछ हिस्सा आता है।

# साहित्य के क्षेत्र में नगर की ओमेश्वरी को मिला इंडियन विजनरी अवॉर्ड



**बीजापुर, 28 मई ।** आकाशवाणी भवन दिल्ली के सेंट्रल हाल में बीजापुर जिले की नेमेड़ निवासी डॉ. ओमेश्वरी देवांगन को साहित्य के क्षेत्र में अनवरत कार्य करते हुए ग्यारह उपन्यास रचित करने के लिए, सुप्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढिल्लन जी के द्वारा इंडियन विजनरी अवॉर्ड प्रदान किया गया,। इस अवसर पर आर जे आरती मल्होत्रा, तिलक तनवर जी के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक लोग उपस्थित रहें। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी ओमेश्वरी देवांगन ने साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है, जो कि बीजापुर जिला के लिए गर्व की बात है।

साहित्य के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए, ओमेश्वरी नूतन की अगली उपन्यास मुखौटे का विमोचन भी देश की राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक जगह, हिंदी भवन में अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों एवं प्रकाशकों के बीच हुआ।इस अवसर पर प्रतिभा श्री जैसे अनेक समीक्षकों ने मुखौटे उपन्यास की समीक्षा करते हुए कहा कि दो महत्वपूर्ण विषय को एक ही कहानी में समेटने का कार्य ओमेश्वरी नूतन जैसी मंजी हुई उपन्यास कार ही कर सकती हैं, आद्रिका जी ने तो यह कह डाला कि इसे पढ़ते समय मैं स्वयं को बस्तर के जंगलों में पहुंच गई थी।

# युक्तियुक्त करण का फैसला छात्रों के हित में है : मुख्यमंत्री

**रायगढ़, 28 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत आज रायगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य सरकार का युक्तियुक्तकरण का फैसला छात्रों के हित में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षकों की पदस्थापना में असंतुलन है। कहीं हमारे स्कूल शिक्षक विहीन हैंए तो कहीं पर स्कूल एक शिक्षकीय हैं। मैदानी क्षेत्र के बहुत से ऐसे स्कूल हैंए जहां बच्चों के अनुपात में ज्यादा शिक्षक हैं। इसको हम लोग संतुलित कर रहे हैं। कहीं.कहीं एक ही परिसर में कई स्कूल हैंए कहीं दो.दोए तीन.तीन प्राइमरी स्कूल हैंए कहीं बच्चे नहीं हैं। इस असंतुलन को दूर करने के लिए हम सब जगह शिक्षक देना चाहते हैंए तो इसमें क्या बुराई है। यह भी कहा जा रहा है कि स्कूल बंद हो रहे हैं। ऐसे स्कूल एक ही परिसर में हैंए कहीं बच्चे ही नहीं हैं। युक्तियुक्तकरण से शहरी क्षेत्र में बच्चों को 500 मीटर से दूर नहीं जाना पड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र में एक किलोमीटर से दूर नहीं जाना पड़ेगाए ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी भ्रम फैलाया जा रहा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षक भर्ती नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम शिक्षकों की भर्ती करेंगेए हर साल जो कमी है उसको चरणबद्ध रूप से पूरा करेंगे। शिक्षक भर्ती का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया हैए जैसे ही इसकी अनुमति मिलेगीए हम शिक्षकों की भर्ती करेंगे। युक्तियुक्तकरण बच्चों के हित में है। इससे स्कूलों में शिक्षकों का असंतुलन दूर होगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग ने राज्य में कुल 10ए463 शालाओं के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है।

# एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स एमएमयू को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ कृ शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित एवं एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई द्वारा वित्तपोषित एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स मोबाइल मेडिकल यूनिट एम एम युद्ध का शुभारंभ बीजापुर जिले के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से 27 मई को किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं एसबीआई संजीवनी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। एसबीआई संजीवनी बीजापुर टीम में शामिल हैं मुकेश कुमार मानिकपुरी,परियोजना समन्वयक डॉण् चंद्रशेखर जैसवाल ;एमबीबीएस सिद्ध मौर्य,फर्मासिस्ट सुश्री मनोरमा उसेंडी,लैब तकनीशियन सुश्री जयश्री सेगम, स्टाफ नर्स,सियाराम कुड्यिम,पायलट कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से भी प्रतिनिधित्व रहाए जिसमें डॉ.लखन राजपूत कबीरधाम एमएमयू एवं अयोध्या प्रसाद जायसवाल ;कबीरधामसमन्वयक विशेष रूप से उपस्थित रहे।यह पहल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स के माध्यम से अब बीजापुर जिले के 20 ग्रामीण अंचलों में नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर महिलाओं ने निकाली रैली



**बीजापुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला बीजापुर के तत्वावधान में शनिवार को बीजापुर की महिला शक्ति ने हुंकार भरते हुए रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। आपरेशन सिंदूर में मिली सफलता से उत्साहित महिलाओं ने शोभा यात्रा निकाली । शोभा यात्रा सांस्कृतिक भवन मैदान से जय स्तम्भ चौक तक निकाली। रैली बाद नगर के मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में महिला मंच द्वारा सभा का आयोजन किया गया द्य सभा के मुख्य वक्ता नपाध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने अपने संबोधन में पहलगाम में हुए आतंकी घटना को कायरना हरकत कहते हुए निंदा की गई। इसके जवाब में सेना की कार्यवाही व शौर्य पर गर्व बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ महिला नेत्री पूजा पौंदी ने भी सभा को संबोधन किया। अपने संबोधन में पहलगाम की घटना को निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेना की सौर्य पराक्रम को नमन किया। आपरेशन सिंदूर और देश की सुरक्षा से कोई समझौता नही करते हुए सेना दुश्मनों को जवाब देने पर धन्यवाद दिया। पूजा पोंदी ने भी संबोधन में कहा राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। देश की सेना की कार्यवाही से हमे गर्व है। इस अवसर पर सेना को नमन कर धन्यवाद दिया। शोभायात्रा के कार्यक्रम में नगर की महिला पार्षद व वरिष्ठ महिलाएं भी उपस्थित रहे।

### 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान

**बीजापुर, 28 मई।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से दिनांक 29 मई से 12 जून 2025 तक ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, इस अभियान मे बीजापुर जिले के कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, उद्यानिकी / पशुपालन / मछलीपालन विभागों के अधिकारियों को समाहित करते हुए जिले में 3 दल तैयार किया गया है, इस अभियान में जिले में कुल 78 शिविर लगाएं जाएंगे, अभियान में कृषि रथ के माध्यम से प्रतिदिन टीम के द्वारा 2 ग्राम / पंचायत में जाकर कृषकों को जानकारी दी जाएगी, संचालनालय कृषि के द्वारा राज्य के सभी जिलों के कृषि एवं संवर्गीय विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए निर्देश अनुसार यह अभियान खरीफ मौसम की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानो को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने लैब टू लैंड कार्यक्रम को बढ़ावा देने, कृषकों से सलाह लेने आदि के लिए शुरू किया गया है। उक्त जानकारी उप संचालक कृषि सह प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री पीएस कुसरे ने दी है।

# अहिल्या बाई होल्कर को अद्भुत प्रशासनिक क्षमता के कारण दी गई थी पुण्यश्लोका,लोकमाता की उपाधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 28 मई ।** ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिनमें मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे जिन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अहिल्याबाई होलकर कुशल प्रशासक व धर्म के प्रति आस्था रखती थी। इनका विवाह महज 8 वर्ष की आयु में खंडेराव होलकर जी से हुआ। 1754 के युद्ध में इनके पति खांडेराव होलकर की मृत्यु हो गई तथा कुछ समय पश्चात 1767 में उनके ससुर मल्हार राव होल्कर की भी मृत्यु हो गई तब उन्होंने शासन का कमान अपने हाथ में संभाली और एक कुशल प्रशासक के रूप में काम करते हुए उनके नेतृत्व में इंदौर को एक समृद्ध व्यापारिक व सैन्य केंद्र बनाया तथा पेशवा रघोबा दादा के आक्रमण बिना रक्त पान के रोकना उनकी रणनीति व सूझबूझ का परिणाम रहा है । गोहद का युद्ध बिना किसी बाहरी सहायता से अपनी रणनीति पर जीतना उनकी कुशलता को परिणाम रहा है ,चाहे धार्मिक योगदान में भी अहिल्याबाई होल्कर बचपन से भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था रखने वाली थी सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जो मुगल आक्रमणों द्वारा क्षतिग्रस्त हो गया था। अपनी निजी संपत्ति से चारोंधाम ,सप्तपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया। अहिल्याबाई होलकर अद्भुत प्रशासनिक क्षमता के कारण विभिन्न उपाधि से नवाजा गया जैसे पुण्यश्लोका लोकमाता और देवी जैसे आदि उपाधि से उनको नवाजा गया। उनके कुशल सुशासन, महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण की जो काम उन्होंने की है वह उदाहरण आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के कार्यों में देखने को मिलता है । गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर को जनसेवा के लिए निरंतर सक्रिय, न्याय प्रिय, दयालु प्रजा वत्सल राजमाता के रूप में स्मरण किया जाता है ,कार्यक्रम का संचालन थानेश्वर तारक अधिवक्ता महामंत्री ने किया ।इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, श्री नारायण गिरि, अमित सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद,सुनील गायकवाड जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि, श्रीमती वीणा लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच, डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष ,पुष्पेंद्र पूर्वअध्यक्ष, गौरव भोंसले महामंत्री , थानेश्वर तारक महामंत्री, रामलाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,संतोष साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि , बिसे लाल साहू, जीवनलाल साहू, नोमेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, शेखर साहू पूर्व सरपंच, चैतराम देवांगन,अरुण साहू, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, नवीन गांधी ,आनंद गांधी , चंद्रशेखर साहू सभापति, रूपचंद देवांगन सभापति, ठाकुर राम साहू जनपद सदस्य,अनुराग साहू जनपद सदस्य, श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य, श्रीमती ललिता रमेश भतपहरी जनपद सदस्य ,देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य,नरेंद्र ध्रुवंशी सोसायटी अध्यक्ष, ओमप्रकाश देवांगन उपसरपंच , सरपंच गण राकेश साहू मुरा, देवचरण चंद्राकर जी जामगांव,ओम प्रकाश साहू परसाठी,,डॉ खेमराज साहू कठौली , पुरन धीतलहरे अछोटी, विजय रात्रि दर्रा,शिवराम श्रीहोल संकरी ,श्रीमती जय श्रीजय संदीप लहरिया मुल्हे,देशात सिन्हा सिर्री,खेमचंद साहू चटोद, सुरेश साहू ,पूजा गुलशन साहू दरबा, भोज साहू, टोके चंद्राकर पूर्व सरपंच ,नारायण साहू, नीलमणि निषाद, हेमलाल यादव, सागर साहू,प्रदीप बैंस ,गणेश राम सोन , लेखराम सिन्हा,योगेश साहू ,नागेश साहू, यादराम साहू, डॉ जनक कुंभकार, पिंटू सेन , राकेश ध्रुवआदि व भारी संख्या में ग्रामवासी की उपस्थिति रही।

# आधुनिक भारत के निर्माता व देश के दमदार और शानदार रहनुमा रहे नेहरू:साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 मई।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दिल से याद किया गया, इस दौरान उनके कार्यों की विधायक इंद्र साव ने प्रशंसा करते हुए उन्हें

भारत के निर्माता और देश के दमदार और उदारवादी नेता की संज्ञा देते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि पंडित नेहरू ने छह दशक पूर्व देश के लिए जो कर दिखाया, वो आज का प्रधानमंत्री सोच भी नहीं सकता। पंडित नेहरू जी का सोचने, समझने और काम करने का तरीका शानदार था। वो जनता को सुनाने से अधिक जनता की सुनना पसंद करते थें और यही कारण है कि आज भी देशवासियों के भीतर वो धड़कते हैं। प्रगति, सद्भाव और मोहब्बत में विश्वास रखने वाले देशवासी नेहरू जी को कभी नहीं भूल सकते।

विधायक साव ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने भारत को विज्ञान, तकनीक और तर्कशीलता का हथियार दिया। सुपर कंप्यूटर, आईआईटी, आईआईएम, एम्स,



इसरो, सरकारी कंपनियां, बांध और बिजलीघरों का खाका खींचकर पूरी दुनिया को आश्चर्य चकित कर दिया, जो आज दुनिया के सबसे अच्छे इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजर नेहरू के इन्हीं संस्थानों से निकलकर पूरी दुनिया में प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। नेहरू जी बेहद उदारवादी विचारधारा के थे, वो आज की तरह किसी भी कीमत पर सत्ता पाने के पक्षधर नहीं थे।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, चंद्रशेखर चक्रधारी, गेन्दू साव, वैभव केसरवानी, नानू सोनी, राजेंद्र वर्मा, मनमोहन कुर्रे, नितिन शुक्ला, मोहन निषाद, विमल शर्मा, पप्पू चौहान मुकेश साहू, रवि ध्रुव, ओम प्रकाश यदु, किरीत वर्मा, खोमेश साहू, गिरिराज चावड़ा सहित शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# योगेश तिवारी के जन्मदिन पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई





- ■ भाजपा नेता के जन्मदिवस पर उपमुख्यमंत्री, अरुण सांव विधायक दीपेश साहुं सहित समर्थकों ने दी शुभकामनाएं
- ■ बेमेतरा में कई जगहों पर हुए रक्तदान सहित भंडारा, सेवा आदि के कार्यकम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बेमेतरा, 27 मई।** भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रिय अध्यक्ष योगेश तिवारी के जन्मदिवस पर बेमेतरा में समाज सेवा और संस्कारों से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिन को केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और मानवता के भाव से प्रेरित करते हुए रक्तदान, फल वितरण एवं हवन-पूजन जैसी गतिविधियों से जोड़ा गया। भाजपा नेतायोगेश तिवारी को जन्मदिवस की बधाई देने के लिए हजारों की संख्या में उनके समर्थकों का तांता लगा रहा। उन्हें बधाई देने वालों में छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव तथा बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू समेत कई पूर्व विधायक ने दी बधाई

मंगलवार को जन्मदिवस की शुरुआत बेमेतरा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर के आयोजन से किया गया। इस आयोजन में काफी संख्या में स्थानीय युवाओं एवं समर्थकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने का कार्य किया। रक्तदान के पश्चात मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस आयोजन में पीयूष शर्मा, अखिलेश साहू, मनोज पटेल, गोवर्धन साहू, विजेंद्र पाण्डेय, राजा यादव, शिवम दीवान, कोमल देवांगन, मासूम पाण्डेय, ह्यूमेंद्र ध्रुवे (सरपंच बूढ़ेरा), भूपेंद्र साहू (उपसरपंच), लेखूराम वर्मा, भुनेश्वर साहू, शुभम सोनी, वासुदेव साहू, विनय पटेल, वेदांत सोनी, सिद्धांत तिवारी, वासु साहू, किशुन वर्मा, रमेश वर्मा, गोकुल पार्कर (सरपंच कोदवा), अमन शर्मा, सत्यम शर्मा, गौरव यदु, मृत्युंजय दुबे, तीरथ वर्मा, प्रमोद कुमार साहू, गेंद सिंह साहू, उत्सव सलूजा, निखिल जैन सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के बाद में बेरला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। अस्पताल सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को फल बांटा गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में बेरला स्थित पवित्र करोकन्या मंदिर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने देश, प्रदेश, संगठन व समाज की सुख-समृद्धि हेतु आहुतियां अर्पित कीं।

बेमेतरा रेस्ट हाउस में हुए मुख्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित होकर योगेश तिवारी को जन्मदिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पहलाद रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी होरीलाल सिन्हा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने जन्मदिवस पर समर्थकों से मिले अदभुत प्रेम में भाजपा नेता योगेश तिवारी अभिभूत नजर आए। समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मेरा जन्मदिवस तभी सार्थक है जब मैं समाज, विशेषकर ज़रूरतमंदों के काम आ सकूं। रक्तदान हो, मरीजों की सेवा हो या देव पूजन ङ्क ये सब हमारे सनातन संस्कारों और भाजपा की सेवा भावना से जुड़े हुए हैं। यह परंपरा मैं हर वर्ष निभाता रहूंगा। इस पूरे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और तिवारी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### अमेठी में उचित मूल्य की अतिरिक्त दुकान खोले जाने की प्रक्रिया शुरू

**भाटापारा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये है अनुविभाग भाटापारा अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू एवं निर्बाध क्रियान्वयन हेतु ग्राम अमेठी मे एक अतिरिक्त उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित कि गए हैं। संचालन हेतु इच्छुक संस्थाएं - महिला स्व सहायता समूह, सहकारी संस्थाएं, खाद्य एवं पोषण समिति एवं अन्य पंजीकृत संस्थाए 10 जून 2025 को सायं 5.30 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा मे निर्धारित प्रारुप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। इस संबंध मे सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया ग्राम अमेठी मे एक अतिरिक्त उचित मुल्य दुकान संचालित करने हेतु आवेदन मंगाए गए हैं आवेदन पत्र के प्रारूप एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### बच्चों ने दिया टाई-डाई का प्रशिक्षण



**रायपुर, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा आयोजित किड्स समर कैंप में बच्चों ने टाई-डाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया। रायपुर, सदर बाजार स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में एकता व वर्षा डूंगरवाल के कुशल प्रशिक्षण में एक एक प्रक्रिया को समझते हुए सहभागी बच्चों ने उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसकी सामाग्री परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई गई। कैंप में गरिमामय उपस्थिति प्राप्त हुई छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश जी बरडिया व मंत्री अमर जी बरलोटा की। विशेष रूप से उपस्थित थे पराग दस्सानी, निकुंज साचला, वीरेंद्र डागा। कैंप में 65 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने 3 संस्थानों में दबिश देकर जांच के लिए लिया सैम्पल



**बलौदाबाजार, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 3 संस्थानो में दबिश देकर पैकेजिंग मटेरियल की सैंपल लिया गया और जांच हेतु राज्य कार्यालय भेजा गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा भाटापारा के सागर इंडस्ट्रीज से पैकेज्ड फूड ड्रिंकिंग वाटर पाउच का सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।
बलौदाबाजार में बी. पी.वाटर प्लांट एवं देवेंद्र एक्का से 10 पैकेजिंग मटेरियल पेट बॉटल, पेट कैप, एलडीपीई एवं फ़िल्म पाउच का निगरानी सैंपल लेकर राज्य से बाहर के लैब को भेजा गया।परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 10,463 शालाओं का युक्तियुक्तकरण

■ **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा-युक्तियुक्तकरण से शिक्षा होगी बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली**



**रायपुर 28 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने राज्य में कुल 10, 463 शालाओं के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है, जिसमें ई-संवर्ग की 5849 और टी-संवर्ग की 4614 शालाएं शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यह युक्तियुक्तकरण आदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के निर्देशों के अनुरूप है, जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संसाधनों का संतुलित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग का दूरदर्शी निर्णय स्कूल शिक्षा को बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।मुख्यमंत्री साय ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षा विभाग के निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि यह कदम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न स्तरों के विद्यालयों का समायोजन, न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि इससे शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी और छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। इससे स्कूली वातावरण अधिक प्रभावशाली बनेगा और बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उठाया गया यह कदम छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने जानकारी दी कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत एक ही परिसर में संचालित 10, 297 विद्यालयों को युक्तियुक्त किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में एक किलोमीटर के दायरे में स्थित 133 विद्यालयों और शहरी क्षेत्र में 500 मीटर के दायरे में स्थित 33 विद्यालयों को भी युक्तियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में अब अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सीधा सुधार देखने को मिलेगा। युक्तियुक्तकरण के कारण शिक्षकों की अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे अन्य जरूरतमंद शालाओं में भी संतुलन बन पाएगा। इस समायोजन से स्थापना व्यय में भी कमी आएगी, जिससे शैक्षणिक ढांचे पर अधिक निवेश संभव होगा। स्कूल शिक्षा सचिव ने जानकारी दी कि एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता बने रहने से बच्चों की ड्रॉपआउट दर घटेगी, और छात्र ठहराव दर में सुधार होगा।शालाओं के युक्तियुक्तकरण से बच्चों को बार-बार प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनकी शिक्षा यात्रा अधिक सहज और निरंतर होगी। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालय परिसरों में बेहतर अधोसंरचना तैयार करना भी सरल होगा, जिसमें पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और खेल सुविधाएं साझा की जा सकेंगी। राज्य सरकार का यह

> *छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल न केवल वर्तमान शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी, सशक्त और समावेशी शिक्षा व्यवस्था का आधार तैयार करेगी।स्कूल शिक्षा विभाग का स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का दूरदर्शी निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।युक्तियुक्तकरण से न केवल शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित होगा, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। यह छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*
>
> *- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय*

कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप है, जहां एकीकृत परिसर में प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय किया गया है, न कि किसी पद को समाप्त किया गया है। इस कदम से शिक्षकों का न्यायसंगत वितरण संभव होगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेगी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत छात्रों और शिक्षकों के अनुपात के प्रावधानों का पालन करते हुए युक्तियुक्तकरण किया गया है, जिसकी राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## ग्राम किरना समाधान शिविर में सभी आवेदनों का निराकरण

**तिल्दा नेवरा, 28 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का किया गया आयोजन, कुल 10 हजार 743 आवेदनों का निराकरण किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल, कहा सुशासन तिहार में जनता की समस्याओं का हो रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत किरना में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। समाधान शिविर में मंत्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने हेतु समाधान शिविर किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत की सभापति स्वाति वर्मा एवं शैल साहू, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन भी उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर के तहत कुल 10 हजार 743 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सभी का निराकरण कर दिया गया। शिविर के दौरान जनपद अध्यक्ष सोनू मनहरे, भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल , जनपद सदस्य गण और सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योती मसियारे सी इ ओ विवेक गोस्वामी, नायब तहसीलदार विपिन पटेल सहित सहित सभी विभागों के जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# वन अमले ने युवक से हिरण सींग और चीतल का चमड़ा जब्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 28 मई।** आज को दोपहर वन मंत्री केदार कश्यप छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश में पीसीसीएफ वन बल प्रमुख व्ही निवास राव ने एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया इस अभियान में रायपुर सीसीएफ राजू अगसिमनी और डीएफओ लोक नाथ पटेल और संयुक्त डीएफओ विश्वनाथ मुखर्जी के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी। इस दौरान, टीम ने विधान सभा रोड में हिरन सिंग और चीतल के चमड़े के साथ तस्करी करते हुए रोशन रायपुर निवासी को दबोचा। यह एक महत्वपूर्ण सफलता थी, जिससे वन्यजीवों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयासों को बल मिला है। टीम में एसडीओ संदीप सिंह राज्य स्तरीय उड़न दस्ता प्रभारी और वन मंडल रायपुर उड़नदस्ता प्रभारी रेंजर दीपक तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के सदस्यों में निराला बीएफओ, वसीम बीएफओ, अमृत पाल सिंह बीएफओ और सेंटियागो बीएफओ गोस्वामी शामिल थे। विशेष सहयोगी के रूप में रिंकू और अशोक वर्मा भी इस अभियान में शामिल थे। आगे भी इस तरह के अभियानों को जारी रखने का संकल्प लिया गया है। वन विभाग की यह पहल वन्यजीवों के संरक्षण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग की इस पहल से वन्यजीवों के संरक्षण में एक नई दिशा मिलेगी, और तस्करी पर रोक लगाने के प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अभियान की सफलता से वन विभाग की कार्यशैली और क्षमता का पता चलता है, और आगे भी इस तरह के अभियानों को जारी रखने की आवश्यकता है।

## पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार

**गातापार, 28 मई।** 27 मई को प्रार्थिया रेशम बाई कुर्रे निवासी ग्राम गातापार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 26 मई को रात करीबन 09:30 बजे इसका पति कामता प्रसाद कुर्रे शराब पीकर घर आया और प्रार्थिया के साथ गाली गलौज करने लगा। प्रार्थिया द्वारा मना करने पर पति कामता प्रसाद, प्रार्थिया के साथ मारपीट करने लगा, जिसे देखकर प्रार्थिया का पुत्र चंद्रशेखर कुर्रे बीच-बचाव करने लगा। इसी बीच पिता कामता प्रसाद द्वारा प्रार्थिया माता को मारपीट करता देख, पुत्र चंद्रशेखर कुर्रे द्वारा आवेश में आकर घर में रखे बांस के डंडा से पिता कामता प्रसाद कुर्रे को गंभीर रूप से मारपीट कर दिया गया, जिससे कामता प्रसाद के शरीर, सिर आदि में गहरा चोट लगा। तत्पश्चात कामता प्रसाद को इलाज कराने हेतु पहले पलारी एवं उसके बाद जिला अस्पताल बलौदाबाजार लेकर आए जहां पति कामता प्रसाद कुर्रे की मृत्यु हो गई। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 183/2025 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल ग्राम गातापार पहुंच आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर सर्वप्रथम पिता कामता प्रसाद के छत से गिरने से आई चोंट के कारण मृत्यु होना बता रहा था, किंतु पुलिस पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

ई कोर्ट नं..........

ग्राम-बालोद

तहसील-बालोद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शमीम बानो पति शेख साबिर जाति मुसलमान निवासी ग्राम जवाहरपारा बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 586/64 रकबा 0.0080 हे, गैर कृषि - आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक. 04/06/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 19/05/25 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः- जिला- राजनांदगांव तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.न.-00018 देवकट्टा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2025-26-127-1-308**

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम देवकट्टा के वर्तमान भूमिस्वामी धर्मेंद्र मड़ामे पिता/पति-टीका राम मड़ामे पता-डोंगरगढ़, शुभम अग्रवाल पिता/पति-सुरेशकुमार अग्रवाल पता-डोंगरगढ़ के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 135/6(0.1260) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीनबंधु वर्मा पिता/पति-बहलराम वर्मा पता-डोंगरगढ़, निर्मल कुमार सांगोड़े पिता/पति-गोपीराम सांगोड़े पता-डोंगरगढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Megha Jain**
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : htteproc.cgstate.gov.in**

**(2nd Call)**

**NIT NO. 09/RMC/ZONE08/2025 RAIPUR DATED 26.05.2025**

Online bids are invited for the following works up to 12.06.2025 at 17.30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of Work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 169200 | माधव राव सप्रे वार्ड क. 69 अंतर्गत ठेठवार समाज भवन के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 15.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov. infrom 26.05.2025 17.30 Hours (IST)** on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portatNITDetails and other documents.

**NOTE:**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email Id helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSONER**
**ZONE 08**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**


## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# विधायक, न.पा. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 मई।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्थान के द्वारा विधायक व नगरीय निकाय के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का गरिमा मय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के आरम्भ मे ब्रम्हा कुमारी संस्थान के योगेश्वरी बहन ने पार्षदो के महत्व बताया और कहा कि जैसी अवस्था वैसी व्यवस्था होगी साथ ही सौन्दर्य के साथ-साथ आंतरिक सफाई पर भी ध्यान देना पड़ेगा इसके लिए राजयोग अभ्यास की जरूरत है। जिसके पश्चात कार्यक्रम के विशेष अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद भाटापारा ने अपने विचारों के माध्यम से कहा कि प्रतिनिधियों के अलावा प्रत्येक नागरिकों को नगर की स्वच्छता व सुंदरता में अहं भूमिका निभाने की आवश्यकता है क्योंकि यह नगर हम सबका है और इस नगर की व्यवस्था के प्रति हम सबका भी नैतिक दायित्व बनता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव ने कहा कि नगर के विकास में जवाबदारी पार्षदों



की भी है वे समस्या को खोजकर बड़ा दिल रखते हुए कार्य करें, जिससे भविष्य में पुनः कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सके इसके साथ ही आध्यात्मिक विकास को जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया मुख्य नगर पालिका अधिकारी , जफर खान ने कहा की नगर को सुव्यवस्थित व स्वच्छ बनाये रखना नगर पालिका के प्रशासनिक अमले के साथ साथ नगर के एक सभ्य प्रगतिशील समाज के लिए भी अनिवार्य है इसी कडी में ब्रह्मकुमारीज रायपुर कि मुख्य संचालिका, सविता दीदी ने संबोधित करते हुये बताया कहा कि जाति भेद्?भाव से उपर उठ कर वसुधेव कुटुम्बकम की भाव से सेवा करें और अनुशासित होकर दिल से सेवा करेंगे तो दुआए प्राप्त होने के साथ साथ आगे बढ़ने में सफलता भी मिलेगी। समस्या की चुनौतियों का सामना करने के लिए राजयोग अभ्यास को अनिवार्य बताया गया। साथ ही, आप अपने अमूल्य जीवन को व्यर्थ न गवाएँ जो सौगात मिली है उसे उसे श्रेष्ठ व सफल बनाने के लिए प्रातःकाल परमात्मा को याद अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में राजयोग के अभ्यास से सभा में उपस्थित जन समूह को विशेष रूप से शांति एवं शक्ति की विशेष अनुभूति कराया गया।

## अविलोकिता ने एनएलएसएटी में प्राप्त की ऑल इंडिया रैंक 2

**रायपुर, 28 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की अविलोकिता केशरवानी ने देश के प्रतिष्ठित नेशनल लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट में ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के चुनिंदा विद्यार्थी नेशनल लॉ स्कूल ऑफइंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में प्रवेश पाते हैं, जिसे भारत के सर्वोच्च विधि शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है।



अवलोकिता के माता-पिता – डॉ. विवेक केशरवानी एवं डॉ. नंदिता केशरवानी रायपुर स्थित सयुश हॉस्पिटल में कार्यरत हैं और चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं।

# कुम्हारी टोल प्लाजा अवैध वसूली का अड्डा

**रायपुर, 28 मई।** लंबे समय से रायपुर और दुर्ग के बीच संचालित कुम्हारी टोल नाके में अनियमिताएं एवं अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोला हुआ है इस संबंध में चरणबद्ध आंदोलन कर अवैध वसूली को रोकने की मांग समय-समय पर की गई है, लेकिन अब तक इस मामले में ना ही राज्य सरकार ने कोई सार्थक कदम उठाया है ना ही केंद्र इस अवैध वसूली को लेकर गंभीर है। पूरे प्रकरण में आज कांग्रेस नेता पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा एवं कन्हैया अग्रवाल ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टोल की अवैध वसूली के तथ्य मीडिया कर्मियों के सामने रखे।



रायपुर से दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर संचालित कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर जन आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। केवल 54 किलोमीटर की दूरी में तीन टोल प्लाजा - मंदिर हसौद (किमी 258), कुम्हारी (किमी 281), और दुर्ग (किमी 312) - संचालित हो रहे हैं, जो भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी अनिवार्य की गई है। सबसे विवादास्पद स्थिति कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर है, जिसकी वैधानिक वसूली अवधि समाप्त हो चुकी है, फिर भी यह 20 से 25 वर्षों से अवैध रूप से संचालित हो रहा है। स्थानीय निवासियों, खासकर रायपुर के टाटीबंध और कुम्हारी नगर निगम क्षेत्र के लोगों को प्रतिदिन भीषण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार 1 से 2 घंटे तक यात्री जाम में फंसे रहते हैं।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन चलाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा मंदिर हसौद में प्रबंधक नहीं

**रायपुर, 28 मई।** जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीनस्थ मंदिर हसौद शाखा में शाखा प्रबंधक का पद रिक्त पड़ा हुआ है व स्टाफ की भी कमी है जिसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । शाखा प्रबंधक का रिक्त पद तुरंत भरने व? स्टाफकी कमी दूर करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सहकारिता विभाग के पंजीयक कुलदीप शर्मा को व्हाट्स ऐप के माध्यम से व जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है । ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि इस शाखा के अधीन 7 समितियां हैं जिसके अंतर्गत 60 ग्राम आते हैं । इन ग्रामों के किसानों के खाते इस शाखा में है। इसके अतिरिक्त फिक्स डिपाजिटे भी हैं ।

## सीएम ने मांदरी में चारपाई पर बैठकर लगाई चौपाल

**रायपुर, 28 मई।** आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर कांकेर जिले के ग्राम मांदरी में उतरा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने चारपाई में बैठकर ग्रामीणों से संवाद किया।



कार्यक्रम के दौरान विधायक आशा नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नूरेटी,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू एस, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीएम साय ने इस बीच अनेक घोषणाएं की है।

मिली जानकारी अनुसार मांदरी हाई स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 20 लाख रूपए ,आंगनबाड़ी केंद्र भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख रूपए ,साल्हेभांट में 600 मीटर सीसी सड़क निर्माण के लिए 15 लाख रूपए तथा झुरा नाला से सिंचाई के लिए लाइन विस्तार हेतु 3.50 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

## ओलंपियाड में रायपुर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रायपुर, 28 मई।** विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024 - 25 में रायपुर के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक प्राप्त किया। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 (जूनियर विंग) की आइरा फातिमा केपी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक प्राप्त किया, इंटरनेशनल गोल्ड मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

वही दूसरी तरफ दिल्ली पब्लिक स्कूल के हर्षिल बंसीजा ने भी इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में दूसरी रैंक प्राप्त कर , इंटरनेशनल सिल्वर मैडल और प्रमाण पत्र हासिल किया। और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रथम सांखला ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में इंटरनेशनल ब्रोंज मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए तीसरी रैंक अर्जित किया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें रायपुर के 55600 से अधिक छात्र शामिल थे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, कृष्णा किड्स अवंति विहार सहित रायपुर के प्रसिद्ध स्कूल प्रतिभागियों में शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 2024-25 ओलंपियाड परीक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 750 से अधिक छात्र और शिक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के महेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## महीने के उन दिनों में स्वच्छता को लेकर चर्चा



**रायपुर, 28 मई।** मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस विषय पर चुप्पी तोड़ने के उद्देश्य से, ब्लू बर्ड फाउंडेशन की सुधा वर्मा और होटल पाम क्लब इन एवं रूफटॉप वेलनेस की संचालिका सोना काले द्वारा संयुक्त रूप से विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2025 के अवसर पर एक पैनल चर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम थीः बाधाएं तोड़ना, आवाज़ों का उत्सव मनाना। इस गरिमामय आयोजन में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ की पहली महिला पैड निर्माता श्रीमती सुधा वर्मा ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य है जागरूकता फैलाना, मासिक धर्म को लेकर संवाद को सामान्य बनाना, और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी लड़की अपने शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर शर्म महसूस न करे। डॉ. संजना अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने मासिक धर्म को अशुद्ध÷ मानने की गलतफहमी को दूर किया। डॉ. उज्वला वर्मा, त्वचा रोग विशेषज्ञ ने लंबे समय तक सैनिटरी पैड इस्तेमाल करने के नुकसान बताए। इस अवसर पर निमिषा काले, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मिस आस्था वर्मा, सह-संस्थापक, अमानत, श्रीमती स्निग्धा चक्रवर्ती, निदेशक, माँ फाउंडेशन, श्रीमती प्रियंका शर्मा, पुलिस निरीक्षक, मिस कामना बावनकर, इस्कॉन प्रचारक, मिस निधि काळे, विधि छात्रा, श्रीमती हर्षा साहू, आत्म-रक्षा प्रशिक्षक, श्रीमती सुनीता जड़वानी, मालिक, खूबसूरत बुटीक ने अपने विचार व्यक्त किए।

## खड़ी बाइक आग के हवाले




**रायपुर, 28 मई।** महंतपारा स्थित रुद्र चौक के पीछे खड़ी बाइक को बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। वारदात की खबर मिलते ही डीडी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है।

## गुरुचरण सिंह छाबड़ा का निधन



**रायपुर, 28 मई।** राजनांदगांव निवासी स.गुरुचरण सिंह छाबड़ा का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान सोनकर पारा राजनांदगांव से आज शाम शाम 4 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स.कुलबीर सिंह छाबड़ा के पिता व पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा के जीजा एवं हरमीत सिंह होरा के फूफा थे।




शुभेच्छु- व्यासनारायण चौबे, नरेन्द्र तिवारी, अशोक दीवान, एल. एन. तिवारी, डी. पी. तिवारी, एम. एल. पांडेय, व्यासनारायण शुक्ला, बीरेन्द्र शुक्ल, किरण पुराणिक, हरीश मिश्रा, प्रो. उषा दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कुसुम शर्मा, भारती शर्मा, विभा तिवारी, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा, सुनीता शर्मा, अविनाश शुक्ला, उमाकांत, नवीन शर्मा - वास्तुविद, हर्ष दीवान, आनंद पाण्डेय, प्रकाश तिवारी, ध्रुव, प्रमोद, एस. सी. तिवारी, भूपेन्द्र शर्मा, संजय दीवान, डॉ. मेघेश तिवारी, सुनील पाण्डेय, राजेन्द्र, मनोज शुक्ला, समरेन्द्र, रामावतार तिवारी, मयंक स्थापक, सुनील शर्मा, अशोक, दामोदर शर्मा, गज्जू उपाध्याय, निश्चय, सौमित्र, महेंद्र चौबे,यशवंत चौबे,सुरेश दुबे, प्रथम कुमार, अश्वनी तिवारी, रमेश शर्मा, विवेक, सौरभ शर्मा, परिवेश मिश्रा, सौमित्र मिश्रा, मयंक तिवारी, बंटी, मोनू, नीरज शर्मा, हर्षित शर्मा, हिमांशु तिवारी, सत्यम शुक्ला, पार्थ चौबे, शिवेन्द्र चौबे, सुयश शर्मा, अनिमेश शर्मा, विमल मिश्रा, आकाश दीवान, अक्षय दीवान, अमित दीवान, संदीप शर्मा, विजय शर्मा, राजू महाराज, गौरी शंकर दुबे, उत्कर्ष पाण्डेय, हरीश तिवारी, नवीन शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, सागर मिश्रा, नीरज शर्मा, प्रतीक तिवारी, प्रवीण तिवारी, शलभ शर्मा, अजय तिवारी, प्रशांत शुक्ला, विनय शुक्ला,अनिकेत मिश्रा, अभिजीत तिवारी, भारती शर्मा, सुषमा शर्मा, रत्ना मिश्रा एवं मित्रगण.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26